सुविचार

यदि आप सूर्य की तरह चमकना चाहते है, तो पहले सूर्य की तरह जलना सीखिए !

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 अंक: 364 पेज: 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, गुरुवार 27 जुलाई, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

## शेखावाटी में पीएम मोदी आज भरेंगे हुंकार

### *बटन दबाकर ट्रांसफर करेंगे किसान सम्मान निधि*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी आज को सीकर आएंगे। सीकर जिला स्टेडियम में होने वाली सभा को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रदेश के लिए बडे गौरव का विषय है कि कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शेखावाटी की धरती से देश के नौ करोड़ किसानों के खाते में एक साथ किसान सम्मान निधि की राशि ट्रांसफर करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी किसान सभा को भी संबोधित करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शेखावाटी की धरती जवान और किसान की धरती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर सीकर और झुंझुनू सहित शेखावाटी के लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। अपने लोकप्रिय नेता को सुनने को लोग आतुर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान के विकास को गति देने में कोई कसर नहीं छोडी। रेलवे और इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए मोदी ने राजस्थान को बडी सौगातें दी है।

## बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा जल्द हो सकते हैं गिरफ्तार

### *विदेशी डॉक्टर के हॉस्पिटल के कब्जे से जुड़ा केस; करीबी चेयरमैन भी निलंबित*




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान सरकार के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक साल पुराने जमीनी विवाद से जुड़े केस की फाइल अब पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) ऑफिस से सीआईडी-सीबी को भेजी गई है। ऐसे में अब गुढ़ा के लिए परेशानी बढ़ सकती है।

इधर, सरकार ने गुढ़ा के करीबियों पर भी एक्शन शुरू कर दिया है। भ्रष्टाचार के मामले में गुढ़ा के करीबी उदयपुरवाटी (झुंझुनूं) नगर पालिका के चेयरमैन रामनिवास सैनी को स्वायत शासन विभाग (ऊछइ) ने सस्पेंड कर दिया है।

वहीं, इससे पहले इसी जमीनी विवाद में गुढ़ा के निजी सहायक (ढअ) दीपेंद्र सिंह और साले अभय सिंह की गिरफ्तारी हो चुकी है। दावा किया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ और जांच में कहीं न कहीं गुढ़ा की भी भूमिका सामने आई थी।

दरअसल, मामला एक साल पहले जयपुर ग्रामीण के गोविंदगढ़ के बलेखन गांव का है। यहां अफ्रीका में रहने वाले डॉक्टर बनवारी लाल मील का हॉस्पिटल है। जानकारी के अनुसार 20 अगस्त 2022 को हॉस्पिटल में कब्जा करने के लिए बड़ी संख्या में अभय सिंह कुछ बदमाशों को लेकर पहुंचा था।

## राजस्थान में अटक सकती हैं 8 भर्तियां

**जयपुर।** राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर चल रहे विवाद के बीच अब कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा अपना पद छोड़ रहे हैं। करीब चार दिन पहले शनिवार 23 जुलाई को उन्होंने अपना इस्तीफा सरकार को भेजा है। ऐसा माना जा रहा है कि अब प्रदेश की 8 भर्तियां अटक सकती हैं। इसके पीछे ये भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद हरिप्रसाद शर्मा फुलेरा विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि सूत्रों के मुताबिक उनका इस्तीफा अभी स्वीकार नहीं किया गया।

**इस्तीफा नहीं दूंगा तो अटक सकती है 5 भर्ती:** बोर्ड अध्यक्ष हरिप्रसाद शर्मा ने बताया, 'मेरा कार्यकाल इसी 7 अक्टूबर को पूरा हो जाएगा। फिलहाल बोर्ड द्वारा 8 भर्ती परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में अगर मैं अपना कार्यकाल पूरा भी कर लेता तो भी सिर्फ तीन भर्ती परीक्षाओं को पूरा कर पाऊंगा। 5 दूसरी भर्ती परीक्षाएं अपने निर्धारित वक्त से अटक सकती हैं। मेरी जगह किसी और व्यक्ति को जिम्मेदारी दी जाएगी तो नया अध्यक्ष आठों भर्ती परीक्षाएं निर्धारित वक्त पर पूरी करा सकता है। इसलिए मैंने अपने पद से इस्तीफा दिया है ताकि राजस्थान के लाखों युवक, जो प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होंगे, उन्हें समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

# शाह की चिट्ठी पर खड़गे का जवाब: पीएम ने हमें आतंकियों से जोड़ा, उसी दिन गृह मंत्री ने सहयोग मांगा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री अमित शाह के 25 जुलाई के पत्र का जवाब दिया है। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि केंद्र सरकार की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। खड़गे ने लिखा- अमित शाह जी, जिस दिन पीएम ने विपक्षी दलों को अंग्रेज शासकों और आतंकवादी दल से जोड़ा, उसी दिन गृहमंत्री ने भावनात्मक पत्र लिखकर विपक्ष से सकारात्मक रवैया अपनाने को कहा।दरअसल, शाह ने मंगलवार को खड़गे और अधीर रंजन चौधरी को पत्र लिखकर कहा था कि सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए विपक्ष को अनुकूल माहौल बनाना होगा।

### खड़गे की चिट्ठी के प्रमुख अंश...

**1. सरकार की कथनी-करनी में फर्क:** खड़गे ने लिखा कि अमित शाह जी, आपका 25 जुलाई का पत्र तथ्यों से उलट है। मणिपुर की स्थिति पर कछऊक्रअ अलायंस की पार्टियां ढट से मांग कर रही हैं कि वे संसद को संबोधित करें, ताकि इस पर चर्चा हो सके, लेकिन आपके पत्र की भावनाओं में और आपकी करनी में जमीन आसमान का फर्क है। सदन में आपकी सरकार का रवैया असंवेदनशील और मनमाना रहा है।

**2. छोटी घटनाओं पर सांसदों को सत्र से निलंबित करना नियमों के खिलाफ:** खड़गे ने कहा कि छोटी घटनाओं को बड़ा बनाकर सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। हम रोज बहस का नोटिस देते हैं, लेकिन सत्तापक्ष के लोग सदन की कार्यवाही नहीं चलने देते हैं। संसद की कार्यवाही को लेकर अब तक निराशा ही हाथ लगी है।

**3. पीएम का हमें आतंकी दल से जोड़ना और दिशाहीन बताना दुर्भाग्यपूर्ण:** खड़गे ने कहा कि जिस दिन पीएम ने देश के विपक्षी दलों को अंग्रेज शासकों और आतंकी दल से जोड़ा, उसी दिन आपने भावनात्मक पत्र लिखकर विपक्ष से सकारात्मक रवैये की अपेक्षा की। ढट का विपक्षी दलों को दिशाहीन बताना बेतुका ही नहीं बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी है।

**4. पक्ष-विपक्ष दोनों का आचरण इतिहास में दर्ज होता है:** खड़गे ने लिखा कि लंबे समय तक सरकार चलाने के बाद हम जानते हैं कि इतिहास के पन्नों में पक्ष और विपक्ष दोनों का आचरण दर्ज होता है। हमारी जवाबदेही मौजूदा पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी है। सत्र के दौरान रोज सरकार और विपक्ष का आचरण सदन के सामने रहता है आज भी रहेगा। आपकी कथनी और करनी में कितनी समानता रहेगी, यह विपक्ष समेत पूरा देश देखेगा।

## धमेंद्र राठौड़ बोले-आयकर वाले तीन गांधी डायरी ले गए

### कहा- छापों के वक्त गुढ़ा घर आए थे, लेकिन लाल डायरी की चर्चा नहीं की



**जयपुर।** बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के आरापों पर अब सीएम अशोक गहलोत के नजदीकी और आरटीडीसी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने पलटवार किया है। राठौड़ ने गुढ़ा के लाल डायरी के दावों पर सवाल उठाते हुए बुधवार देर रात बयान जारी किया है। उन्होंने इनकम टैक्स के छापों के दौरान गुढ़ा के घर आने की बात मानी है, लेकिन लाल डायरी होने से साफ इनकार कर दिया।

राठौड़ ने गुढ़ा को अविश्वनीय व्यक्ति भी बताया। तीन दिन पहले गुढ़ा ने दावा किया था कि धमेंद्र राठौड़ के घर पड़े आयकर छापों के दौरान सीएम ने उन्हें लाल डायरी लाने भेजा था। गुढ़ा उस लाल डायरी के पन्ने खुद के पास होने का दावा कर रहे हैं।

राठौड़ ने कहा- इखढ ने मध्य प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी सरकार गिराने का प्रयास किया, इसी षड्यंत्र के हिस्से के तहत केंद्रीय एजेंसियों ने कांग्रेस नेताओं, तमाम प्रतिष्ठानों और मुख्यमंत्री के भाई तक के घर पर छापा डाला। मुझे याद है कि उस घटनाक्रम के दौरान राजेन्द्र गुढ़ा मेरे घर आए थे, लेकिन इस घटनाक्रम से लेकर कभी भी मेरे से गुढ़ा किसी लाल डायरी की चर्चा नहीं की।मैं संभवतः हमेशा गांधी डायरी का उपयोग करता हूं और अपनी दिनचर्या इसमें लिखता हूं। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के लोग मेरे घर से तीन डायरियां लेकर गए थे, जिनमें ऐसी गांधी डायरियां थीं, ये उनके रिकॉर्ड में भी दर्ज हैं।

**गुढ़ा मेरे घर रहे थे, लोग कहते थे यह अविश्वसनीय आदमी, इसे घर में नहीं रखें:** धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा- मेरे राजेंद्र गुढ़ा से लंबे समय से पारिवारिक संबंध रहे हैं। हमारे संबंधों की प्रगाढ़ता इतनी रही कि लगभग 10 साल पहले वो मेरे घर में रहे। उस समय इनके विधानसभा क्षेत्र के कई लोग आकर मुझसे इनकी आलोचना कर कहते थे कि इनको अपने घर में नहीं रखना चाहिए क्योंकि ये बेहद अविश्वसनीय व्यक्ति हैं। मेरे व्यक्तिगत संबंधों के कारण मैंने उन बातों पर ध्यान नहीं दिया। एक कांग्रेस कार्यकर्ता होने के नाते मैंने हमेशा इनकी मदद की।

## जोधपुर गैंगरेप केस में 414 पेज की चार्जशीट पेश



जोधपुर। जोधपुर में नाबालिग लड़की (16) से गैंगरेप मामले में पुलिस ने 414 पेज की चार्जशीट पेश कर दी है। 15-16 जुलाई की रात लड़की के साथ जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के ओल्ड कैंपस में दरिंदगी हुई थी। तीन स्टूडेंट्स ने मिलकर पहले लड़की के बॉयफ्रेंड (17) को बंधक बनाया था, पीटा था। फिर उसी के सामने लड़की के साथ 2 घंटे तक रेप करते रहे थे।

बुधवार को पॉक्सो के स्पेशल कोर्ट में चार्जशीट पेश करने के बाद जांच अधिकारी एडीसीपी निशांत भारद्वाज ने कहा कि पुलिस ने तेजी से जांच पूरी की है। आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो, गैंगरेप और एससी/एसटी की धाराएं लगाई गई हैं।

## ये मोदी की गारंटी है': देश मेरे तीसरे टर्म में दुनिया की टॉप-3 इकोनॉमी में शामिल होगा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मेरे तीसरे टर्म में दुनिया की पहली तीन इकोनॉमीज में एक नाम भारत का होगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 2024 के बाद तीसरे टर्म में देश की विकास यात्रा तेजी से बढ़ेगी। देशवासी अपने सपने अपनी आंखों के सामने पूरे होते देखेंगे।



प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात बुधवार शाम नई दिल्ली में रीडेवलप किए गए इंटरनेशनल एग्जीबिशन-कम-कन्वेंशन सेंटर (IECC) का इनॉगरेशन करने के बाद कही।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'दुनिया का सबसे बड़ा सोलर विंड पार्क, सबसे ऊंचा रेल ब्रिज, दुनिया की सबसे लंबी टनल, दुनिया की सबसे ऊंची मोटरेबल रोड, दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम, दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा, एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल रोड ब्रिज भारत में है। जल्द ही दिल्ली में दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम भी बनने जा रहा है।'

IECC की इमारत का नाम 'भारत मंडपम' रखा गया है। पीएम ने इस मौके पर सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। इससे पहले सुबह उन्होंने हवन और पूजा की थी। कन्वेंशन सेंटर का रीडेवलपमेंट 2,700 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है।

इस कन्वेंशन सेंटर में 9 और 10 सितंबर को 18वीं G-20 बैठक होगी। सरकारी एजेंसी इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन यानी ITPO का यह कॉम्प्लेक्स 123 एकड़ में फैला है। IECC दुनिया के लीडिंग एग्जीबिशन और कन्वेंशन सेंटर्स में से एक है। यह कॉम्प्लेक्स देश का सबसे बड़ा MICE (मीटिंग्स, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन) सेंटर है।

## जयपुर में तेज बारिश से सड़कों पर भरा पानी, बीकानेर में कॉलोनियां डूबीं; 4 जिलों में अलर्ट

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में बुधवार दोपहर जयपुर, बीकानेर, श्रीगंगानगर, अलवर, सीकर और झुंझुनूं में तेज बारिश देखने को मिली। राजधानी जयपुर के टोंक-सीकर रोड पर तो एक-एक फीट से ज्यादा पानी भर गया। बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ इलाके में 1 घंटे तक जमकर बरसात हुई। यहां की आड़सर कॉलोनी सहित कई इलाकों में पानी भर गया। पानी लोगों के घरों में भी घुस गया। इसी तरह से अलवर और उससे लगते एनसीआर एरिया, सीकर और झुंझुनूं के कुछ इलाकों में मध्यम से तेज बारिश हुई है। श्रीगंगानगर में भी 1 घंटे तक बारिश का दौर चला। जयपुर मौसम केंद्र ने जयपुर, भरतपुर, अजमेर और बीकानेर में मध्यम से तेज बारिश की संभावना जताई थी।



पिछले 24 घंटे की रिपोर्ट देखें तो जयपुर, दौसा, बाड़मेर, गंगानगर, अलवर, जालोर, उदयपुर, झुंझुनूं, चूरू, सिरोही, भरतपुर समेत कई जिलों में 1 से लेकर 3 इंच तक बरसात हुई। सबसे ज्यादा बरसात सिरोही के देलदर में 71MM हुई। सिरोही में कई जगह हुई तेज बारिश के कारण यहां वेस्ट बनास में लगातार पानी आ रहा है। बनास, त्रिवेणी समेत दूसरी नदियों में लगातार पानी आने से बीसलपुर बांध का गेज तेजी से बढ़ने लगा है। बीसलपुर बांध का गेज पिछले 24 घंटे के दौरान 3 सेमी. तक बढ़ गया। बांध का गेज अब 313.59 सेमी. हो गया है।

## 70 साल पुरानी बस्ती को खाली करने का आदेश

**जोधपुर।** जोधपुर शहर के नजदीक पाल ग्राम पंचायत में घड़वा नाड़ा में पिछले 70 साल से रह रहे लोगों को जोधपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की ओर से खाली करने और अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। इस चेतावनी के बाद गुस्साए लोग जेडीए कार्यालय का घेराव करने बुधवार को जोधपुर पहुंचे। यहां नारेबाजी करते हुए विरोध जताया और चेतावनी दी कि यदि उनके मकानों को तोड़ा गया तो वे जेडीए के बाहर ही अनिश्चितकाल के लिए बैठ जाएंगे।

चेतना युवा मंडल के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में लोग जेडीए कार्यालय पहुंचे। वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घड़वा नाडा में करीब 300 घरों की यह बस्ती 70 साल से भी ज्यादा पुरानी है। इस बस्ती में सरकारी योजनाओं से ही मकान बने हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय भी सरकार की राशि से ही बनाए गए। बिजली कनेक्शन भी इन लोगों को मिले हुए हैं और दस्तावेज के रूप में कई रसीदें भी इनके पास मौजूद हैं।

# बिहार में प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग, 2 की मौत, एक गंभीर

## कटिहार में बिजली कटौती के विरोध में लोगों ने किया पथराव

सितारा न्यूज नेटवर्क

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में बिजली विभाग के खिलाफ उग्र प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों पर पुलिस ने फायरिंग कर दी। इसमें दो ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हैं। प्रदर्शनकारियों के पथराव में 12 से अधिक पुलिसकर्मी और बिजली कर्मचारी भी घायल हुए हैं।बुधवार की शाम पुलिस ने फायरिंग में एक ग्रामीण की मौत की पुष्टि की है। उसका नाम बासल गांव निवासी खुर्शीद आलम (34) बताया गया। जबकि, बारसोई निवासी सोनू शाह (22) की कटिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, चापाखोड़ पंचायत नियाज आलम (32) की हालत नाजुक है। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस फायरिंग में 5 लोगों को गोली लगी है।




बारसोई अनुमंडल में बुधवार दोपहर 12:30 बजे बिजली कटौती के खिलाफ एक हजार से अधिक लोग सड़क पर उतर गए। प्रदर्शनकारी बिजली दफ्तर का घेराव करने पहुंचे। प्राणपुर के बस्तौल चौक और बारसोई प्रखंड मुख्यालय का मेन रोड जाम करके लोग प्रदर्शन करने लगे।

इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पहले लाठीचार्ज किया। उग्र भीड़ फिर भी नहीं मानी, तब पुलिस ने गोली चलाई।

## कन्हैयालाल के हत्यारों पर चार्ज बहस टली

**जयपुर।** उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में आज आरोपियों पर चार्ज फ्रेम होने थे। 3लेकिन जज के छुट्टी पर होने के चलते आज की सुनवाई टल गई। जो अब अगले माह 1 अगस्त को होगी। बता दें कि ठक्अ की विशेष अदालत में आज इसे लेकर चार्ज बहस होनी थी। इस दौरान आरोपियों की वीसी के माध्यम से ही पेशी करवाई जानी थी। दरअसल, कुलदीप जघीना हत्याकांड के बाद जेल में बंद अपराधियों की पेशी वीसी के जरिए कराने का कदम उठाया गया है। कन्हैयालाल हत्याकांड में 9 आरोपियों को आज अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से वीसी के जरिए कोर्ट में पेश किया जाना था।कन्हैयालाल की हत्या के मामले में एनआईए ने पाकिस्तान के कराची निवासी सलमान व अबू इब्राहिम को फरार बताते हुए मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद व मोहम्मद रियाज अत्तारी सहित 11 आरोपियों के खिलाफ खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 449, 302, 307 व 324 (34), 153 ए, 153 बी 295 ए और यूएपीए एक्ट की धारा 16,18 व 20 के तहत आतंकी गतिविधियों के आरोप में चालान पेश किया था।

| पूर्वानुमान> | गुरु | शुक्र | शनि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| 28° अधिकतम> | 33°c | 32°c | 31°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 27°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## खबर लगने के बाद अधीक्षक डाकघर ब्यावर मंडल के अधिकारी आए हरकत में

# ब्यावर प्रधान डाकघर के बाहर लगे एटीएम का शटर खुला

खबर का असर





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर, ब्यूरो चीफ (अनिल सिखवाल)।** पिछले लंबे समय से ब्यावर प्रधान डाकघर के बाहर का एटीएम अपनी बेबसी का दर्द आने जाने वालों को बता रहा था,


ब्यावर प्रधान डाकघर के बाहर का एटीएम अपनी बेबसी का कर रहा दर्द बयां, एटीएम की कोई सार संभाल नहीं
पिछले लंबे समय से बंद पड़ा एटीएम ,एटीएम कार्ड धारकों के लिए परेशानी का सबब बन रहा एटीएम

पिछले दिनों दैनिक गरीबों का सितारा न्यूज में खबर लगने के बाद अधीक्षक डाकघर ब्यावर मंडल के अधिकारी हरकत में आए बुधवार को एकाएक बंद एटीएम के शटर खुले हालांकि एटीएम के शटर तो खुल गए हैं, लेकिन अभी पैसों का लेनदेन अभी नहीं हो रहा है एटीएम पुनः पहले की तरह दुरुस्त कब होगा इसकी अभी तक पुष्टि कोई नहीं हुई है लेकिन यह जरूर है कि बंद पड़े एटीएम के शटर ऊपर हो गए हैं, कुछ एटीएम कार्ड धारकों का यह भी कहना है कि प्रधान डाकघर के बाहर का एटीएम तो काफी लंबे समय से बंद पड़ा है जैसे ही अखबारों में खबरें प्रकाशित होती है तब आला अधिकारी हरकत में आते हैं बाकी तो उनकी कार्यप्रणाली सुस्त ही रहती है । एटीएम कार्ड धारकों का यह भी कहना है कि जब हमने एटीएम के शुल्क पूरे दिए हैं तो आखिर एटीएम के शटर इतने लंबे समय से क्यों नीचे किए गए हैं जब खबरनवीसो ने समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित की तब कुंभकरण की नींद में सोए हुए प्रधान डाकघर के आलाधिकारी हरकत में आए बाकी तो वातानुकूलित कमरे में रहने वालों को क्या पता एटीएम कार्ड धारको अथवा खातेदारों को की क्या समस्या है खैर देर आए दुरुस्त आए कम से कम अब एटीएम के शटर तो ऊपर हुए है।

**आखिर खबर लगने के बाद ही क्यों ? हरकत में आते हैं अधिकारी**

### ब्यावर प्रधान डाकघर के बाहर अधिकारियों की खड़ी थी

हालांकि बुधवार को ब्यावर प्रधान डाकघर के बाहर भारतीय डाकघर अधीक्षक भीलवाड़ा मंडल के अधिकारी की गाड़ी तथा डाकघर अधीक्षक ब्यावर मंडल की गाड़ी खड़ी थी, संभवतया अधीक्षक डाकघर ब्यावर मंडल के वी.एस. जैन अवकाश पर चल रहे हैं,उनका चार्ज डाकघर अधीक्षक भीलवाड़ा मंडल को दिया गया है शायद उसी के तहत बुधवार को वह ब्यावर प्रधान डाकघर में दिखाई दिए हैं । अब एटीएम के शटर तो खुल गए हैं लेकिन एटीएम में अभी पैसों का लेनदेन नहीं हो रहा है, कब तक दुरुस्त होगा खबर लिखे जाने तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई , लेकिन इतनी तो आशा की किरण जरूर जग गई है कि जब एटीएम के शटर देवता खुल गए हैं तो शायद कुछ दिनों में एटीएम भी दुरुस्त हो जाए ।

## पंचाग

दिनांक: 27 जुलाई 2023 गुरुवार
विक्रम संवत2080 अधिक श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | नवमी | 15:47:10 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | विशाखा | 25:27:05 |
| योग | शुभ | 13:36:49 |
| करण | कौलव | 15:47:10 |
| करण | तैतुल | 27:25:29 |
| चन्द्र राशि | तुला | 19:27:23 |
| चन्द्र राशि | वृश्चिक | 19:27:23 |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल | दक्षिण | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:49:40 |
| सूर्यास्त | 19:16:49 | |
| चंद्रोदय | 14:03:05 | |
| चंद्रास्त | 24:56:24 | |
| राहू काल | 14:14 - 15:55 | |
| अभिजित | 12:06 - 13:00 | |

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 05:50 - 07:31 | शुभ |
| चर | 10:52 - 12:33 | शुभ |
| लाभ | 12:33 - 14:14 | शुभ |
| अमृत | 14:14 - 15:55 | शुभ |
| शुभ | 17:36 - 19:17 | शुभ |



ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## समाजसेवी व भामाशाह बोहरा ने 11 लाख का दिया आर्थिक सहयोग

# समाजसेवी एवं भामाशाह एम.रिखबचन्द बोहरा ने विद्यालय में लिफ्ट लगवाने हेतु दिया आर्थिक सहयोग



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल) ।** वर्द्धमान शिक्षण समिति के सम्मानित सदस्य, कुशालपुरा राजस्थान में जन्मे चेन्नई के प्रख्यात सुश्रावक, प्रसिद्ध समाजसेवी,भामाशाह एम. रिखब चंद बोहरा एवम उनकी धर्म सहायिका कमला कंवर बोहरा द्वारा ब्यावर प्रवास के दौरान समिति द्वारा संचालित शिक्षण इकाईयों का अवलोकन किया गया। वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय ब्यावर के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों एवम संचालित विभिन्न विषयों में नारी शक्ति की बढ़ती अभिरुचि को देखकर, प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ब्यावर की शैक्षणिक उन्नति में सहभागिता हेतु श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के पदाधिकारियों,सदस्यों, अधिकारियों ,संकाय सदस्यों,कर्मचारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की । वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में संचालित स्किल डेवलपमेंट कोर्सेज में शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की बढ़ती संख्या एवम अभिरुचि को क्षेत्रीय शैक्षणिक उन्नति एवम संस्थान के उज्वल भविष्य का प्रतीक बताया।उल्लेखनीय है कि समाजसेवी व भामाशाह बोहरा मानव सेवार्थ स्वास्थ्य एवम शैक्षणिक क्षेत्र की गतिविधियों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते हुए उदारतापूर्वक योगदान प्रदान करते रहे है। वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौतम चन्द बोहरा, मंत्री डा. नरेन्द्र पारख, सहमंत्री सुनील कुमार ओस्तवाल,कोषाध्यक्ष रमेशचन्द मेडतवाल, महाविद्यालय प्राचार्य डा. आर सी लोढ़ा व अकादमिक प्रभारी नीलिमा लोढ़ा ने समाजसेवी बोहरा दंपति का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर हार्दिक अभिनंदन किया। मंत्री डा.नरेन्द्र पारख ने बताया कि इस अवसर पर भामाशाह एम. रिखबचन्द बोहरा, कमला कंवर सुपुत्र राजेशकुमार, दिलीप कुमार बोहरा चेन्नई ने विद्यालय में बहुमंजिला आवागमन में सुगमता के लिए लिफ्ट स्थापित करने हेतु तत्काल ग्यारह लाख रुपए आर्थिक सहयोग स्वरूप भेंट किए। समिति पदाधिकारियों द्वारा भामाशाह के प्रति कृतज्ञता अभिव्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## डेरा के विवेकानंद मॉडल स्कूल में चल रहा छःदिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**एल-1 व एल-2 के शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल-डेरा मे एल-1 और एल-2 शिक्षको का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम छः दिवस के लिए सतत रूप से जारी जिसका बुधवार को तीसरा दिन था। एसीबीईओ रामस्वरूप मीना ने मिडिया को बताया कि प्रशिक्षण मे बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान एवं विद्यालय आधारित प्रशिक्षण चल रहा है जिसमे 141 प्रशिक्षणार्थियो ने तीन बैचो मे प्रशिक्षण लिया इसमे कक्षा 1 से 5 तक अध्ययन करवाने वाले शिक्षको को शिक्षण की नई विधि तथा गुणात्मक शिक्षा के बारे मे प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन रैणी सीबीईओ राजेन्द्र कुमार मीना के द्वारा किया गया। दक्ष प्रशिक्षक हरि प्रसाद शर्मा , कैलाश चंद मीना , छगनलाल, लोकेश गुर्जर ने नई नई विधाओं से प्रशिक्षण दिया। व्यवस्थाओ मे हरिमोहन मीना अध्यापक और अशोक कुमार मीना द्वारा प्रशिक्षण शिविर मे व्यवस्था संचालन किया गया। प्रशिक्षण शिविर की मोनिटरिंग रैणी एसीबीईओ रामस्वरूप मीना के द्वारा की जा रही है और यह सारी जानकारी रैणी एसीबीईओ रामस्वरूप मीना के द्वारा दी गई है।

## मिली सौगात : ग्राम पंचायत भैंसावा में थ्री फेस बोरिंग का हुआ शुभारंभ

**कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने विधायक कोष से दी थी स्वीकृति**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**भैंसावा/राजेंद्र शर्मा।** बुधवार को ग्राम पंचायत भैंसावा में सार्वजनिक शमशान भूमि में थ्री फेस बोरिंग का शुभारंभ ग्रामवासियों के सानिध्य में हुआ। विधायक एवं कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बोरिंग के लिए 20.37 लाख रुपए स्वीकृत किए। भैंसावा ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि बंशीधर पूनियां ने बताया कि पंचायत भैंसावा का सबसे बड़ा सार्वजनिक शमशान हैं जिसमें पानी की काफी किल्लत थी जिसकी पूर्ति कृषि मंत्री कटारिया ने पूरी कर दी। सरपंच लाडा देवी पूनिया कहा कि इससे ग्रामवासियों में काफी खुशी हुई। ग्राम पंचायत भैंसावा में नित नये विकास कार्यों की सौगातें मंत्री महोदय ने देकर ग्राम पंचायत भैंसावा को जोबनेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में विकास के रूप में अग्रणी पंक्ति में ला दिया। इसके लिए ग्राम पंचायत भैंसावा के समस्त ग्राम वासियों की ओर से जननायक मंत्री को कोटि-कोटि धन्यवाद एवं हार्दिक बधाई भी दी।

## बगरू पीजी महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया

*सचिव एस.एल.चलावरिया ने कारगिल के शहीदों को श्रद्धाजलि अर्पित कर नमन किया*



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बगरू।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर बगरू महिला पीजी महाविद्यालय और शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं बी.ए. बी.एड.महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के निदेर्शानुसार कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव एवं मेरी माटी मेरा देश के बैनर तले राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी दीपमाला उपाध्याय के नेतृत्व में वीर शहीदों को नमन किया गया एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित भी किया। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव एस.एल.चलावरिया अध्यक्ष रमेश मलावरिया, अभिभावक प्रतिनिधि बन्नालाल बलावरिया कोषाध्यक्ष डॉ. सज्जन चलावरिया, प्राचार्य डॉ. मिथिलेश गुप्ता व नीता गुरयानी सुनीता भार्गव ने दीप प्रज्वलित कर कारगिल के शहीदों को श्रद्धाजलि अर्पित की। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी छात्राओं ने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरक प्रसंग,देशभक्ति गीत एवं कविताओं के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों की स्मरण किया।

## दोनों पक्षों की नोकझोंक पर पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

# विवाहिता की कुँए में गिरने से मौत, पीहर पक्ष ने हत्या का लगाया आरोप







सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** क्षेत्र के नायसराना गांव निवासी विवाहित महिला की कुँए में गिरने से मौत हो गई। जिसे परिजनों व आसपास के लोगो ने कुँए से निकालकर बहरोड़ अस्पताल लाते हुए रास्ते मे दम तोड़ दिया। जिसके शव को मोर्चरी में रखवाया गया। सूचना पर पहुंचे मृतिका के पीहर पक्ष के लोगो ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया। मृतिका के भाई दुघेड़ा निवासी अभय सिंह यादव ने मामला दर्ज करवाएं की मेरी बहन पूनम का विवाह 10 अक्टूबर 2007 को नायसराना निवासी कृष्ण के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति कृष्ण, ससुर भूपसिंह, देवर राजू उर्फ राजकुमार, सांस रेशमी, नंदोई लीलाराम, भांजा अमित परेशान व मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। शिकायत पर अनेकों बार पंचों के द्वारा समझाइश की गई। लेकिन अनेकों प्रयास के बावजूद भी नहीं समझे। गुरुवार को मेरी बहन रेखा ने मेरे चाचा हनुमान के पास कॉल करके कहा कि पूनम के साथ उसके पति,सास-ससुर, देवर, नंदोई, भांजा बुरी तरह से मारपीट कर व उसका गला दबाकर हत्या कर दी। और उसे मारकर कुएं में डाल दिया। जिसे सभी लोग कुएं से निकालकर बहरोड ले गए।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसको मैंने देखा तो उसके गले पर नीले निशान पड़े हुए थे। उधर ससुराल पक्ष परिजनों का कहना है कि सुबह पति पत्नी में छोटी बातों को लेकर सामान्य कहासुनी हुई थी। जिसको लेकर मृतिका पूनम ने गुस्से में आकर कुएं में गिरने की बात बोलकर घर के पास स्थित 200 फीट गहरे पुराने सूखे कुए में छलांग लगा दी। जिसे गंभीर अवस्था में बाहर निकाल कर बहरोड अस्पताल में ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतिका पूनम की चचेरी बहिन रेखा की भी शादी कृष्ण के छोटे भाई राजकुमार के साथ हुई थी। जिसकी भी आपसी झगड़े में रीड की हड्डी में चोट आई थी। जिसका लगातार अबतक इलाज चल रहा है। मृतिका के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा 12 वर्षीय हैप्पी व छोटा बेटा 10 वर्षीय आदेश है। पूलिस ने पीहर पक्ष के द्वारा दी गई रिपोर्ट अनुसार मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया। व पुलिस की मौजूदगी में ससुराल में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं घटना को लेकर गांव में सनसनी का माहौल बना रहा। पुलिस घटना के संबंध में जांच में जुटी हुई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सिताारा न्यूज ब्रीफ

*लाल डायरी बनी भ्रष्टाचार और कुशासन की राजदार...*

# ब्रजभूमि कल्याण परिषद ने अलवर की लाल डायरी के साथ किया प्रदर्शन



सिताारा न्यूज नेटवर्क

**रूपेश शर्मा / अलवर ।** ब्रजभूमि कल्याण परिषद की ओर से अलवर में बढ़ रहे भ्रष्टाचार, बेलगाम अपराध और कुशासन के विरोध में अलवर की लाल डायरी के साथ आंदोलन 26 जुलाई सायं 5:00 बजे नंगली सर्किल पर किया गया।

अलवर की लाल डायरी-नहीं सहेगा राजस्थान" की जानकारी देते हुए ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस के कुशासन में अलवर अग्रणी हुआ अपराध और भ्रष्टाचार, अनियमितताओं में जिम्मेदार लोग लोभ में, लालच में और भय के कारण चुप हैं, अपने कर्तव्यों से विमुख हो चुके हैं। जहां देखो शहर में गंदगी के ढेर लगे हैं, मुख्य सड़कों पर गाय विचरण कर रही है, उलझन हो जाती है कि सड़क में गड्ढे या गड्ढों में सड़क हैं। अलवर के बढ़ते भ्रष्टाचार और बेलगाम अपराध के विरोध में अलवर की लाल डायरी को उजागर किया गया। अलवर पूरे राजस्थान में अपराधों की प्रथम नगरी बना हुआ है, जिसमें सरकार की सरपरस्ती में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, चारों तरफ पूरा शहर गंदगी और आवारा पशुओं से अटा पड़ा है, अपराधी बेलगाम हो रहे हैं, चोरियां बढ़ रही है, टहला में हजारों बीघा जमीन की बंदरबांट कर दी गई। यहां तक कि बड़े बड़े अफसर भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किए जा चुके हैं, लेकिन सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुमति नहीं दे रही है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बोलते हुए कहा कि अलवर में कांग्रेस सरकार द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, राजस्थान में पेपर लीक करके युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।

कार्यक्रम में गीता परिवार जिला अध्यक्ष अश्विनी जावली,संरक्षक हेतराम शर्मा, प्रदेश मंत्री प्रेम शर्मा सुमेर सिंह सैनी, बृजभूमि कल्याण परिषद नगर मंत्री मनोज कुमार शर्मा, जितेंद्र राठौर, जितेंद्र गौतम, पंडित नाथू लाल शास्त्री, महावीर उपाध्याय थानागाजी, यशोधन पाराशर, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रभु दयाल अवस्थी लकी गुर्जर पंडित राजेंद्र आचार्य दीपेश गोयल नोटरी रजनीश जैमन, यशवन्त गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने फरार चल रहे बाइक चोर को किया गिरफ्तार

सिताारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में पिछले करीब 1 वर्ष 6 माह से फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 20 सितंबर 2021 को पुलिस थाना बहरोड़ के सामने से मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में थाने में एक मामला दर्ज हुआ था। मामले में बुधवार को 19 वर्षीय कीरतसिंह पुरा निवासी सचिन पुत्र बाबूलाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि कल्याणपुरा गांव निवासी धर्मवीर पुत्र सुबेसिंह यादव ने 2 अक्टूबर 2021 को पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था कि बहरोड़ पुलिस थाने के सामने मेरी गाड़ी खड़ी थी जो किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गए, जिसे आसपास काफी तलाशने का प्रयास किया लेकिन बाइक नही मिली। आरोपी को गिरफ्तार करने में कॉन्स्टेबल दिनेश व शेरसिंह की विशेष भूमिका रही।



# क्रीड़ा भारती की जिला बैठक का हुआ भव्य आयोजन



सिताारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी( रामफूल मीणा )।** बस्सी नगरपालिका क्षेत्र के शारदा इंटरनेशनल अकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को क्रीड़ा भारती संस्थान की जिला बैठक का भव्य आयोजन हुआ । इस दौरान क्रीड़ा भारती के जयपुर जिला संयोजक रामबाबू शर्मा ने बताया कि क्रीडा भारती की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा कि गई, इस दौरान जिला बैठक में कैलाश चन्द शर्मा प्रांत संयोजक और सत्य पाल योग प्रमुख का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । बैठक में आगामी प्रमुख कार्यक्रम 29 अगस्त को खेल दिवस और 3 सितम्बर को क्रीडा ज्ञान प्रतियोगिता पर होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई । इस दौरान संयोजक अर्जुन जाट, अध्यक्ष राजकुमार जाट, उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण जाट,मिडिया प्रभारी रामफूल मीणा और सदस्य अभिषेक राधाकिशन , कैलाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# पीएम की जनसभा में जाने के लिए बांटे पीले चावल

रींगस( अरविन्द कुमार )। 27 जुलाई को सीकर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में भाग लेने के लिए खंडेला विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक बंशीधर बाजिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने पीले चावल बांटकर जनसभा में भाग लेने के लिए आमजन से आह्वान किया। भाजपा मंडल महामंत्री एडवोकेट दीपक बाजिया ने बताया कि जनसभा में जाने के लिए वाहनों सहित खाने पीने की संपूर्ण व्यवस्था पूर्व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया द्वारा की गई है पूर्व राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया ने खंडेला विधानसभा क्षेत्र से करीब 20 हजार लोगों को जनसभा में ले जाने का लक्ष्य रखा है। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा ने बताया कि रींगस नगरपालिका क्षेत्र से 15 बसों सहित निजी वाहनों के माध्यम से प्रत्येक वार्ड से कस्बे वासी जनसभा में भाग लेंगे।

## मणिपुर घटना के विरोध में अलवर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

# 3 महीने से चल रहे मणिपुर मामले में 79 दिन बाद घड़ियाली आंसू बहा रहे देश के पीएम : जूली







सिताारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि मणिपुर सहित पूरे देश में अराजकता का माहौल पनप रहा है और देश का प्रधानमंत्री अब भी जुमलेबाजी करने से नहीं चूक रहे हैं। मंत्री जूली ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र करना पूरे देश को शर्मसार कर देने वाली घटना है। इससे ज्यादा ओर शर्मिंदगी की बात क्या हो सकती है कि जब देश जल रहा है और देश का मुखिया 79 दिन केवल दुःख प्रकट कर इतिश्री कर लेते है। मंत्री जूली बुधवार को मोती डूंगरी से मिनी सचिवालय तक कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मणिपुर घटना के विरोध में पैदल मार्च कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मणिपुर जैसी विभत्स घटना पर डबल इंजन वाली सरकार पूरी फैलियर साबित हुई है। उन्होंने कहा कि इस देश का दुर्भाग्य है कि लोग मजबूरी में अपने घर छोड रहे है। महिलाओं से अभद्रता की जा रही है, बुजुर्ग और बच्चों का बुरा हाल है। ऐसे में 56 इंच सीने का दिखावा करने वाले देश के पीएम 79 दिन बीत जाने के बाद घडियाली आंसू बहाकर केवल दुःख प्रकट करते है तो सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस पूरे घटनाक्रम पर कार्यवाही कितने दिनों में होगी। उन्होंने कहा कि विपक्ष एकजूटता के साथ इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की दिल दहला देने वाली यह घटना जहां मानवता पर कलंक है वही देश की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खडे करती है। उन्होंने कहा कि आज मणिपुर के बाशिंदे गुमनामी के साये में अपना जीवन जीने को मजबूर हो रहे है।

पैदल मार्च में मंत्री शकुन्तला रावत, विधायक दीपचंद खैरिया, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी, प्रभारी जसवंत गुर्जर, डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, प्रदेश सचिव अजीत यादव, पूर्व चेयरमैन अजय अग्रवाल, कृष्ण मुरारी गंगावत, प्रधान बीपी सुमन, जाकिर खान,नसरू खान, ललित यादव, श्वेता सैनी, पप्पू प्रधान, नरेन्द्र सावित्री मीना, जफरू खान, प्रीतम मेंहदीरत्ता, जेडी आर्यन, समसू खान, सैकुल सिंघल, सहजाद खान, अनवर साजिद खान, पूरण, ताराचंद, हासिम, सपात खान, असरू, नब्बा खान, सुभाष बसवाल, राम यादव, जोगेन्द्र कोचर, एसआर यादव, अमरचंद मीना, राजेश विरमानी, रिपुदमन गुप्ता, निलेश खण्डेलवाल, देशपाल यादव, बबीता दिल्लीवाल, बेनजीर खान, रोहताश चौधरी, नितिन धाकड, रामजी लाल बैंसला,ओमप्रकाश गोलियां,पंकज शर्मा, उमरदीन खान, पूरण सिरमोलिया, रमन सैनी, सोनू गोपालिया, रामबहादुर तंवर, विक्रम यादव, रवि मीना, दीपेन्द्र सैनी, संजय यादव सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी पारीक ने अध्यक्ष पद के लिए ठोकी ताल

*अध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशी मैदान में, चुनाव 30 को*




सिताारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** । महर्षि पराशर ( पारीक ) सेवा समिति के अध्यक्ष पद हेतु आगामी 30 जुलाई 2023 को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी अटल बिहारी पारीक ने ताल ठोक दी है । मंगलवार को पुरोहितों का मोहल्ला चौमूं स्थित जानकीनाथ जी के मंदिर अध्यक्ष प्रत्याशी अटल बिहारी पारीक ने अपने चुनावी पोस्टर का विमोचन समाज के प्रतिष्ठित सेवाभावी कार्यकताओं की उपस्थिति में किया। गौरतलब है कि महर्षि पराशर (पारीक) सेवा समिति के पिछले 6 साल से रहे तीन कार्यकालों में समिति द्वारा सदैव मनोनीत प्रक्रिया से चुनावी कार्यक्रम संपन्न होता आ रहा था किन्तु इस बार समिति के लोगों में किसी एक के नाम पर सर्वसम्मति न बन पाने से चुनाव की नौबत आ खड़ी हुई अटल बिहारी पारीक समाज में कुछ बदलाव करने की ठानते हुए इस बार समिति के चुनाव के लिए अध्यक्ष पद की ताल ठोक दी जो समाज के लिए एक विकास की दिशा का कारण बन सकता है । इसी उम्मीद से समिति द्वारा इस बार 30 जुलाई को चुनाव प्रक्रिया रखी गई है ।अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अटल बिहारी पारीक ने सभी समाज बंधुओं को हाथ जोड़कर अपील करते हुए कहा कि यह जीत पारीक समाज की होगी और समिति में एकाधिकार टूटेगा जिससे कि समाज में बदलाव आएगा और हम सबको पता है कि परिवर्तन हमेशा विकास की दिशा की ओर अग्रसर होता है। इस मौके पर सुशील पारीक, दीनदयाल पारीक, पुरुषोत्तम पारीक, भारत भूषण पारीक, आदित्य पारीक, कृष्ण मुरारी पारीक, मुकेश पारीक, प्रभु दयाल पारीक, सुभाष पारीक, नारायण पारीक, प्रशांत पारीक, रामबाबू पारीक विक्की पारीक सहित पारीक समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# लवकुश बोर्ड को आयोग का दर्जा दिलवाकर रहूंगा : विधायक अमर सिंह

*लवकुश छात्रावास एवं लवकुश मन्दिर के लिए 10 लाख रुपये सहयोग राशि देने की घोषणा की*





सिताारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** कुशवाहा समाज नगला भोला रुदावल के द्वारा कुशवाहा समाज की तीन मांगों में से लव कुश कल्याण बोर्ड की मांग पूरी होने पर कुशवाहा आरक्षण संघर्ष समिति के संघर्षरत आरक्षण सैनानियों का उनके संघर्ष के लिए कुशवाहा समाज द्वारा 71 पगड़ी एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया ' गांव वालों ने बोर्ड गठन की खुशी में एक क्विंटल बूंदी बांटी । इस अवसर पर बयाना विधायक अमर सिंह बंशीवाल को बतौर अतिथि के रूप में कुशवाहा समाज की लवकुश कल्याण बोर्ड, 12% आरक्षण, लवकुश छात्रावास मांगों के लिए सबसे पहले सरकार को पत्र लिखने एवं विधानसभा में कुशवाहा समाज की आवाज उठाने के लिए गर्मजोशी के साथ स्वागत कर सम्मानित किया ' विधायक ने हजारों लोगों की भीड़ के समक्ष कुशवाहा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी एक मांग पूरी हो गई है जो लव-कुश बोर्ड है ' मैंने पहले भी विधानसभा में आपकी आवाज उठाई थी ' आज सीएम ने लव कुश बोर्ड की मांग पूरी कर दी है ' धन्यवाद देता हूं कुशवाहा समाज के उन लोगों को जो समाज की मांगों को लेकर आज भी संघर्षरत हैं ' विधायक ने कहा कि विधानसभा सत्र जारी है जैसे ही मेरा नंबर आएगा तो मैं कुशवाहा समाज की 12% आरक्षण और लव-कुश छात्रावास तथा नवगठित लव-कुश बोर्ड को आयोग का दर्जा दिलाने और वित्तीय प्रबंधन तथा बजट आवंटन के लिए विधानसभा में आवाज उठाऊंगा और सीएम के लिए आज शाम को ही पत्र मेल द्वारा भेज दूंगा साथ ही रूपवास में लवकुश छात्रावास एवं लवकुश मन्दिर के लिए 10 लाख रुपये की सहयोग राशि देने की घोषणा करता हूँ और नगला भोला के राजकीय विधालय में एक कमरा बनाने की घोषणा करता हूँ । जिससे कुशवाहा समाज के बच्चों का कल्याण हो सकेगा ' आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष सह संयोजक वासुदेव कुशवाहा ने कहा कि जो विधायक या सरकार का जनप्रतिनिधि हमारा साथ देगा और हमारी आवाज उठायेगा, कुशवाहा समाज उसका एहसान नही भूलेगा ।साथ ही मंच का संचालन करते हुए कुशवाहा ने कहा की अभी हमारी लड़ाई बाकी है । इस अवसर पर आरक्षण संघर्ष समिति के सदस्य रामप्रसाद कुशवाहा परशुराम कुशवाहा हेमलता कुशवाहा, धौलपुर लव-कुश सेना जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण कुशवाहा एवं धौलपुर लवकुश सेना जिला प्रभारी भीकम सिंह कुशवाहा तोताराम कुशवाहा ,बीरबहादुर सरपंच, सुरेन्द्र सिंह, पप्पू मैनेजर , बुद्ध सिंह मैं फिलहाल सुंदर सिंह ओम प्रकाश राजवीर अमरसिंह धर्म सिंह लेखराज सरपंच देवीसिंह सरपंच दिनेश चंद्र योगेशचंद्र अनार सिंह भगवान सिंह माखनलाल रामचरण पप्पू सिंह टोड़ीराम रामखिलाड़ी बहादुरसिंह नगला भोला के सहित दर्जनों भर आरक्षण सेनानियों के अलावा सैकड़ों प्रबुद्धजनों के साथ साथ कुशवाहा समाज बंधुओं की भारी भीड़ उपस्थित रही ।

# विधायक निधि कोष से स्वीकृत पशु एम्बुलेंस का शहर विधायक संजय शर्मा ने किया लोकार्पण





सिताारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर ।** शहर के कंपनी बाग रोड स्थित पुराना सूचना केंद्र परिसर में बुधवार को शहर विधायक संजय शर्मा ने अपने विधायक निधि कोष से स्वीकृत राशि 16 लाख से अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र में बीमार एवं घायल पशुओं के परिवहन हेतु एक पशु एंबुलेंस नगर परिषद को उपलब्ध करवाई गई उसका लोकार्पण किया। इस लोकार्पण के अवसर पर पशु एंबुलेंस को भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं पूर्व नि :शक्तजन आयुक्त खिल्लिमल मल जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । पशु एंबुलेंस को शहर विधायक संजय शर्मा ने ड्राइवर सीट पर बैठ कर व सभापति घनश्याम गुर्जर ने उनके समीप वाली सीट पर बैठकर परिसर में घुमाते हुए विधिवत रूप से इसका शुभारंभ किया । इस अवसर पर पशु एंबुलेंस की चाबी को नगर परिषद के अधिशासी अभियंता दीपक शर्मा को सौंपते हुए शहर विधायक संजय शर्मा ने कहा कि अलवर शहर में बीमार व घायल पशुओं के परिवहन व उपचार हेतु यह एंबुलेंस बहुत उपयोगी रहेगी। इस एंबुलेंस का संचालन एवं संधारण नगर परिषद द्वारा कराया जावेगा। पशु एंबुलेंस के लोकार्पण के अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारी राजेंद्र कसाना दीपक पंडित देशराज वर्मा जितेंद्र राठौर दिनेश गुप्ता सुरेश मेहता सुभाष दायमा पंडित जलसिंह मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सैनी मनोज चौहान रवि यादव पार्षद सुनील चौधरी घनश्याम सोनी कैलाश चंद कोली विमल जैन सुमन सैनी सुरेश वाल्मीकि सीताराम चौधरी धीरज जैन रविंद्र जैन अरुण जैन विष्णु शंकर शर्मा नरेंद्र शर्मा राम अवतार शर्मा शीला जांगिड़ अशोक पाठक सतीश यादव अविनाश खंडेलवाल देवेंद्र कुमार,कैलाश सैनी सोनू चौधरी रमाकांत यादव दुलीचंद सेन कमल कांत जांगिड़ रामानुज शर्मा महेश मीणा महेश निहाल वानी कपूर चंद शर्मा सुनील मेंठी दिलीप नरूका गोपाल महावर मुकेश तिवारी पदम सैनी राकेश शर्मा भारत मेहंदीरत्ता पूनम खंडेलवाल तीर्थ शर्मा अनिता जोशी राजेंद्र शर्मा ओमप्रकाश सोमवंशी घनश्याम गुप्ता आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। लोकार्पण के अवसर पर पंडित राजेंद्र शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई गई एवं लोकार्पण पश्चात नगर परिषद के अधिशासी अभियंता दीपक शर्मा द्वारा शहर विधायक संजय शर्मा, सभापति घनश्याम गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं पूर्व निशक्तजन आयुक्त विमल जैन का साफा पहना कर,पुष्प गुच्छ भेट कर, माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया साथ ही क्षेत्रीय पार्षद सुमन सैनी द्वारा सभी उपस्थित पार्षद बंधु एवं मंडल अध्यक्षों का माल्यार्पण कर उनका भी स्वागत किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# सदन को लेकर सार्थक रवैया अपनाएं पक्ष-विपक्ष


संसद में गतिरोध कायम है। विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा है, सत्ता पक्ष भी लचीला रुख अपनाने को तैयार नहीं है। दोनों की सोच में केवल राजनीति है। दो दर्जन से अधिक विधेयक कतार में हैं। मणिपुर हिंसा पर चर्चा और संसद के भीतर पीएम से जवाब की मांग को लेकर मानसूत्र के पहले दिन से सदन में गतिरोध बना हुआ है। लोकसभा व राज्यसभा दोनों में रोजाना कार्यवाही बाधित हो रही है। सर्वदलीय बैठक भी बेनतीजा निकली। सरकार के चर्चा के आश्वासन के बाद भी विपक्ष गतिरोध खत्म करने को तैयार नहीं है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विपक्ष को लिखे पत्र का भी असर पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। उल्टे कांग्रेस ने तंज कसा है कि 'गृहमंत्री संसद में गतिरोध खत्म करने के लिए विपक्ष को पत्र लिख रहे हैं, जबकि पीएम नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन की तुलना आतंकी गुट से कर रहे हैं। सरकार की कथनी व करनी में फर्क है'। कांग्रेस केंद्र सरकार को घेरने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लेकर आई है, सदन ने इस पर चर्चा के लिए मंजूरी भी दी है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सभी दलों के नेताओं से बातचीत करने के बाद इस अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तिथि तय करेंगे। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तिथि तय करने के संदर्भ में 10 दिनों के भीतर फैसला करना होता है। सदन की मंजूरी के बाद इस पर चर्चा और मतदान होता है। इस अविश्वास प्रस्ताव से सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है, यह बात विपक्ष भी जानता है, इसके बावजूद इसके लाने के पीछे मकसद सरकार पर दबाव बनाना है। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की ओर से कांग्रेस ने इस रणनीति के साथ यह कदम उठाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन में बोलने के लिए बाध्य किया जा सके। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर की घटना पर बोल चुके हैं। उन्होंने क्षोभ व्यक्त करते हुए 20 जुलाई को संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा था कि 'यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इससे पूरे देश की बेइज्जती हुई है तथा इस मामले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा'। विगत नौ वर्षों में यह दूसरा अवसर होगा जब मोदी सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेगी। इससे पहले, जुलाई, 2018 में मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जो गिर गया था। इस बार भी अविश्वास प्रस्ताव का भविष्य पहले से तय है क्योंकि संख्याबल भाजपा के पक्ष में है। लोकसभा की 543 सीटों में से पांच अभी रिक्त हैं। इनमें से 330 से अधिक सांसद भाजपा और सहयोगी दलों के हैं। 'इंडिया' गठबंधन के सदस्यों की संख्या 140 से अधिक है। करीब 60 सांसदों का संबंध उन दलों से है जो दोनों गठबंधनों का हिस्सा नहीं है। संविधान के अनुच्छेद-75 के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिपरिषद लोकसभा के प्रति जवाबदेह है। अविश्वास प्रस्ताव लाकर कांग्रेस पिछले 84 दिन से हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर मुद्दे पर राष्ट्रीय माहौल बनाना चाहती है, वह नए गठबंधन 'इंडिया' की ताकत दिखाना चाहती है, मिशन 2024 के लिए मोदी सरकार के खिलाफ नैरेटिव सेट करना चाहती है और पूर्वोत्तर में अपनी खोई जमीन वापस पाना चाहती है। एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी सरकार को आईना दिखाया है कि राज्यों गैर भाजपा व गैर राजग राज्य सरकारों के खिलाफ तो केंद्र अति सक्रिय है, जबकि भाजपा या राजग राज्य सरकारों के प्रति अति सुस्त है। इसलिए इस वक्त सारा दबाव सत्तापक्ष पर है। सत्ता पक्ष को चाहिए कि राजनीति से बाहर निकल कर संसद सत्र को उत्पादक बनाने का तटस्थ प्रयास करे, विपक्ष से संवाद का केवल स्वांग भी ना हो। विपक्ष को भी संसद ठप करने की प्रवृत्ति से बाहर आना चाहिए।

## कन्वेंशन सेंटर
विवेक शुक्ला



# जी-20 लायक क्यों नहीं माना विज्ञान भवन को

जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए विशेष तौर पर प्रगति मैदान में तैयार किए गए कनवेंशन सेंटर के उद्घाटन से एक बात तो साफ हो गई कि अब विज्ञान भवन का दौर गुजर गया। इधर जी-20 सम्मेलन से जुड़ा कोई कार्यक्रम नहीं हो रहा। राजधानी के दिल प्रगति मैदान में स्थित नया कनवेंशन सेंटर आगामी सितम्बर में जी-20 के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इसका उद्घाटन किया। माना जा रहा है कि नया कनवेंशन सेंटर दुनिया के शीर्ष 10 कन्वेंशन सेंटर्स में होगा, जो जर्मनी के हनोवर और चीन के शंघाई जैसे विख्यात कन्वेंशन सेंटर को टक्कर देगा। सात हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला ये कन्वेंशन सेंटर बेहद ही भव्य बना हुआ है, पर एक दौर विज्ञान भवन का भी था। इधर 1956 से लेकर हाल तक न जाने कितने शिखर सम्मेलन, कॉन्फ्रेंस, अन्य सरकारी और गैर-सरकारी कार्यक्रम आयोजित हुए। नई दिल्ली 1956 में मेजबानी कर रही थी यूनिस्को सम्मेलन की। इसकी 1955 में मेजबानी भारत को मिलने के बाद सरकार ने विज्ञान भवन का निर्माण करवाया था। विज्ञान भवन का निर्माण 1956 में पूरा हुआ और उसी साल यहां पर भगवान बुद्ध की 2500वीं जयंती के अवसर पर 'कला, सहित्य एवं दर्शन पर बौद्ध धर्म के प्रभाव एवं योगदान' विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। विज्ञान भवन का डिजाइन तैयार किया था प्रसिद्ध आर्किटेक्ट आर.आई.गहलोत ने। वे सीपीडब्ल्यूडी से जुड़े थे। उन्होंने ही कृषि भवन और उद्योग भवन के भी डिजाइन बनाए थे। गहलोत ने विज्ञान भवन का डिजाइन तैयार करते हुए हिन्दू, मुगल तथा बौद्ध वास्तुकला का सम्मिश्रण किया। अब विज्ञान भवन को बने हुए साढ़े छह दशक से अधिक



हो रहे हैं, पर अब भी ये किसी भी नई इमारत से उन्नीस नजर नहीं है। गहलोत ने विज्ञान भवन को एक अलग मिजाज का प्रवेश द्वार दिया। ये काले मार्बल के पत्थर से बना है। आपको शायद ही किसी इमारत का इतना विशाल मुख्य द्वार मिले। प्रख्यात मूर्तिकार अमरनाथ सहगल को विज्ञान भवन में भित्ति चित्र बनाने का काम दिया गया। अमरनाथ सहगल ने विज्ञान भवन में कांसे के भित्तिचित्र बनाए और यह कार्य वर्ष 1962 में पूरा हुआ। कितने लोगों को पता है कि जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) भी विज्ञान भवन से ही शुरू हुई थी। जब सरकार ने जी. पार्थसारथी (जीपी) को 1969 में जेएनयू का वाइस चांसलर बनाया तो उन्हें विज्ञान भवन में ही दफ्तर दिया था। यहां 1983 में हुए निर्गुट सम्मेलन को कौन भूल सकता है। उसमें 100 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष पधारे थे। इधर ही बाद के वर्षों में राष्ट्रमंडल देशों का शिखर सम्मेलन और दक्षेस सम्मेलन भी आयोजित किए गए, पर कुछ साल पहले यहां पर सरकार ने आसियान सम्मेलन का आयोजन ना करके संदेश दे दिया था कि अब विज्ञान भवन का पहले वाला महत्व नहीं रहा। आप जब जनपथ से मौलाना आजाद रोड की तरफ आ जा रहे हैं, तो सड़क के बायीं तरफ दो ही इमारतें हैं। पहली विज्ञान भवन और फिर उपराष्ट्रपति आवास। इस सड़क का नाम मौलाना आजाद के नाम पर इसलिए रखा गया था क्योंकि मौलाना आजाद इधर ही रहते थे। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद के बंगले का पता था 4 किंग एडवर्ड रोड। अगर हाल के दौर की बात करें तो केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ चले आंदोलन को खत्म करवाने के लिए किसानों और सरकार के बीच वार्ता विज्ञान भवन में ही हुईं। याद नहीं आता कि इससे पहले विज्ञान भवन में कभी वार्ताएं हुई हों। बहरहाल, नया कवनेंशन सेंटर स्थान लेगा विज्ञान भवन का। ये विज्ञान भवन से हर लिहाज से बेहतर है। नए कन्वेंशन सेंटर को इंटरनेशनल मेगा इवेंट, अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन और असाधारण सांस्कृतिक आयोजनों की मेजबानी करने के लिए अच्छी तरह से तैयार किया गया है।इसमें तीन हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला शानदार एम्फीथियेटर भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सियासत
उमेश चतुर्वेदी

# विपक्ष एकजुट, पर क्या मन मिले

> साल 2024 के आम चुनावों के मद्देनजर जिस तरह से विपक्ष एकजुट हुआ है उसके बाद विरोधी खेमे का उत्साह बढ़ना स्वाभाविक है। या बेंगलुरू की जुटान ने सचमुच देश को यह संदेश दिया है कि एनडीए को धूल चटाने के लिए आईएनडीआईए भरोसेमंद औजार साबित होगा, लेकिन इस जुटान में अभी से ही जिस तरह का बिखराव दिखने लगा है, उससे लगता नहीं कि चुनाव आते-आते तक यह खेमा मजबूती के साथ केंद्र की मौजूदा सरकार को चुनावी मैदान में चुनौती दे पाएगा। वैसे कांग्रेस की तात्कालिक सियासी सेहत के लिए उसका दांव भले ही अच्छा हो, लेकिन उनके मन शायद ही मिल पाएं।

बेंगलुरू में विपक्षी जुटान देख मोदी और बीजेपी विरोधी खेमे का उत्साह बढ़ना स्वाभाविक है। मोदी विरोधी राजनीति और मीडिया के हलके में उत्साह का यह प्याला लबालब छलक रहा है, लेकिन क्या इस जुटान ने सचमुच मोदी विरोधियों को उत्साहित होने का मौका दे दिया है? क्या बेंगलुरू की जुटान ने सचमुच देश को यह संदेश दिया है कि एनडीए को धूल चटाने के लिए आईएनडीआईए भरोसेमंद औजार साबित होगा, लेकिन इस जुटान में अभी से ही जिस तरह का बिखराव दिखने लगा है, उससे लगता नहीं कि चुनाव आते-आते तक यह खेमा मजबूती के साथ केंद्र की मौजूदा सरकार को चुनावी मैदान में चुनौती दे पाएगा।

इसमें दो राय नहीं है कि विपक्षी खेमे की इस जुटान और उसके जरिए मोदी और बीजेपी को घेरने की बुनियाद नीतीश कुमार ने रखी है। पिछले ग्यारह महीनों से वे लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। उनकी ही पहल पर पहली बैठक पटना में हुई, जिसकी तारीख पहले टली और आखिरकार जून महीने के आखिर में हुई। इस बैठक में शामिल होने को लेकर जिस तरह कांग्रेस ने रुख दिखाया, नीतीश और उनके रणनीतिकारों को चेत जाना चाहिए था। चाहे नीतीश हों या लालू या फिर अखिलेश, समाजवादियों की राजनीति जिस वैचारिक खेमेबंदी पर टिकी है, उसकी बुनियाद में कांग्रेस विरोध ही है। लालू यादव इसके अपवाद हैं, क्योंकि नब्बे के दशक में जनता दल से अलग होकर उन्होंने जब अपनी अलग पार्टी बनाई, कमोबेश तब से वे कांग्रेस के साथी हैं। कभी वे कांग्रेस के रहमोकरम पर होते हैं तो कभी बिहार में कांग्रेस उनके रहमोकरम का मोहताज होती रही है, इसलिए यह माना जा सकता है कि लालू और उनके बेटे तेजस्वी का कांग्रेस की गुगली का अंदाज रहा होगा, लेकिन नीतीश कांग्रेस की इस गुगली को क्यों नहीं भांप पाए? हैरत की बात यही है। पहले पटना के जुटान में कांग्रेस ने जिस तरह शामिल होने को लेकर हीलाहवाली की, उससे उपजे संदेश के एक-एक अक्षर को राजनीतिक समीक्षक समझ रहे थे। उन्हें पता था कि कांग्रेस विपक्षी जुटान में जाकर अपने से छोटे दलों की परिक्रमा करती नजर नहीं आना चाहती। विपक्षी जुटान में वह खुद को ग्रहमंडल के सूर्य की तरह केंद्र में रखना चाहती है और उसकी चाहत बाकी दलों को उसके इर्द-गिर्द ग्रहों की तरह परिक्रमाशील बनाने की है। बेंगलुरू में जिस तरह खुद को फोकस में रखने में वह कामयाब हुई है, उससे साफ है कि उसने साफ संकेत दे दिया है कि विपक्षी जुटान का वही प्रमुख चेहरा होगी। विपक्षी खेमों को साथ लाने की जितनी कोशिश नीतीश ने की है, उतनी मौजूदा दौर में किसी ने नहीं की है। इस जुटान में शामिल वामपंथी दलों को छोड़ दें, जिनकी वैचारिक बुनियाद की मजबूरी मोदी विरोध है, सब की मजबूरी इस गठबंधन में शामिल होना है, इसलिए सबने नीतीश कुमार के अभियान का साथ दिया। वैसे पटना में बैठक का विचार उस ममता ने दिया था, जो एनडीए में रहते वक्त नीतीश कुमार और उनकी तत्कालीन समता पार्टी को बर्दाश्त नहीं कर पाती थीं। पटना में बैठक के सुझाव के पीछे ममता की मंशा थी कि विपक्षी खेमेबंदी का श्रेय




और नेतृत्व कांग्रेस हासिल न कर ले। पहली बैठक के बाद लगने लगा था कि नीतीश और ममता की सोच के हिसाब से ही विपक्षी खेमेबंदी आगे बढ़ रही है, लेकिन बेंगलुरू में कांग्रेस ने पासा पलट दिया। कांग्रेस की अघोषित नंबर वन सोनिया गांधी, नंबर दो राहुल गांधी, नंबर तीन प्रियंका वाड्रा और कांग्रेस के घोषित नंबर वन उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में कांग्रेस ने पूरा नेतृत्व अपने हाथ में ले लिया। नीतीश और उनके सलाहकारों को उम्मीद थी कि बेंगलुरू बैठक के बाद उन्हें ठीक वैसे ही विपक्षी खेमेबंदी का संयोजक स्वीकार कर लिया जाएगा, जिस तरह अतीत में उनके नेता जॉर्ज फर्नांडिस को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का संयोजक स्वीकार किया गया था। शायद नीतीश ने भी वैसी ही भूमिका सोच रखी थी। वैसे उन्हें लगता था कि जिस तरह उन्होंने मोदी विरोध में अपने सुर तेज किए हैं, उससे विपक्षी खेमा आने वाले दिनों में उन्हें अपना नेता मान लेगा। ऐसा सोचते वक्त वह कांग्रेस को कमजोर आंक गए। नीतीश पर निगाह रखने वाले जानते हैं कि वे अपना गुस्सा छिपा नहीं पाते। बेंगलुरू की प्रेस कांफ्रेंस में भाग ना लेना और वहां से चुपचाप पटना के लिए निकल जाना तवज्जो ना मिलने से उपजे नीतीश के क्षोभ की ही कहानी कह रहा है। वैसे नीतीश को पटना की बैठक के दौरान हुए लालू-राहुल गांधी संवाद को याद कर लेना चाहिए था। लालू की छवि हंसोड़ की है। उन्होंने तब राहुल से दूल्हा बनने को कहा था। सामान्य रूप से इसे मजाक में लिया गया, लेकिन लालू ने एक तरह से कांग्रेस को संकेत दिया था कि कांग्रेस अगुआई करे। वह उनके साथ हैं। वैसे लालू पर कांग्रेस का गहरा अहसान है। साल 2000 में राबड़ी सरकार को बर्खास्त करके नीतीश को शपथ दिला दी गई थी, लेकिन राज्यसभा में तत्कालीन एनडीए सरकार का बहुमत नहीं था। कांग्रेस अपने रुख से टस से मस नहीं हुई। लिहाजा नीतीश को इस्तीफा देना पड़ा था और लालू की सरकार बहाल हो गई थी। पता नहीं, नीतीश को यह संदर्भ लालू के बयान के वक्त याद रहा या नहीं। लेकिन बेंगलुरू में जिस तरह कांग्रेस ने किया है, उससे साफ है कि कांग्रेस ने लालू के सुझाव को गहराई से समझा। साल 1998 के बाद से लेकर अब तक नीतीश की पूरी राजनीति कांग्रेस विरोध की बुनियाद पर भाजपा के साथ पली-बढ़ी है। साल 2005 और 2010 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की पार्टी बड़े भाई की भूमिका में रही, लेकिन बाद के दिनों में उसका आधार छीजता चला गया। इसके बावजूद भाजपा ने उन्हें अपनी बारात का दूल्हा बनाए रखा। बीच के कुछ साल अपवाद के कहे जा सकते हैं, जब उन्होंने भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस के हाथ में लालू की लालटेन पकड़ खुद के लिए रोशनी तलाशी। पहली बार जब उन्होंने लालटेन की रोशनी को अपने साथ लिया, तब तक वह रोशनी पीली पड़ने लगी थी। तब लालू को भी अपने राजनीतिक वजूद के लिए नीतीश का साथ जरूरी लगा। चतुर खिलाड़ी की तरह उन्होंने जनता दल यू के तीर को थाम लिया। इसका नतीजा 2015 के चुनावों में दिखा। जो लालू कमजोर हो रहे थे, विराट बनकर उभरे।

अब अगली जुटान मुंबई में होनी है। शरद पवार की जैसी राजनीतिक फितरत रही है, उसमें अब वे भी अपनी तरह से खेल दिखाएंगे। उस खेल में हो सकता है कि अपनी वरिष्ठता का हवाला देते हुए वे खुद को संयोजक बनवा ले जाएं। इसके लिए हो सकता है कि वे गठबंधन के नेतृत्व के लिए राहुल के नाम का प्रस्ताव भी कर दें। इस पूरी प्रक्रिया में सबसे ज्यादा घाटा नीतीश को होना है। वैसे भी हाल के कुछ वर्षों में उनकी साख कमजोर तो हुई ही है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस उनकी बजाय खुद को आगे रखने में कामयाब हो गई। वैसे कांग्रेस की तात्कालिक सियासी सेहत के लिए उसका दांव भले ही अच्छा हो, लेकिन अब ममता भी चेतेंगी, दूसरे छोटे दल भी सचेत होंगे। उनके मन शायद ही मिल पाएं। आखिरकार यह भाजपा के ही मुफीद होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
**दर्शन**

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# जिसका भी मनोबल जागा, हो रहा सफल



संकलित
**प्रेरणा**

राजा सुकीर्ति के पास एक लौहश्रुन्ध नामक हाथी था। राजा ने कई युद्ध में उसपर चढ़ाई करके विजय पायी थी। बचपन से ही उसे इस प्रकार से तैयार किया गया था कि युद्ध में शत्रु सैनिको को देखकर वो उनपर इस तरह टूट पड़ता। समय गुजरता गया, अब वह पहले की तरह कार्य नहीं कर पाता था। इसलिए अब राजा उसे युद्ध क्षेत्र में भी नहीं भेजते थे। वह सिर्फ हाथी शाला की शोभा बन कर रह गया। एक दिन वह सरोवर में जल पीने के लिए गया, लेकिन वहीं कीचड़ में उसका पैर धँस गया और फिर धँसता ही चला गया। हाथी के फँसने का समाचार राजा तक भी पहुँचा। राजा समेत सभी लोग हाथी के आसपास ईकट्ठे हो गए और विभिन्न प्रकार के प्रयत्न उसे निकालने के लिए करने लगे। लेकिन बहुत देर तक प्रयास करने के उपरांत कोई मार्ग नहीं निकला। तभी गौतम बुद्ध मार्गभ्रमण कर रहे थे। राजा और सारा मंत्रीमंडल तथागत गौतम बुद्ध के पास गये और अनुरोध किया। गौतम बुद्ध ने सबसे पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया। और फिर राजा को सुझाव दिया कि युद्ध का माहौल बनाया गया, वाद्ययंत्र मंगवाए गए। नगाड़े बजवाये गए और ऐसा माहौल बनाया गया कि शत्रु सैनिक लौहश्रुन्ध की ओर बढ़ रहे है। और फिर तो लौहश्रुन्ध में एक जोश आ गया। गले तक कीचड़ में धस जाने के बावजूद वह जोर से चिंघाड़ लगाकर सैनिको की ओर दौड़ने लगा। बड़ी मुश्किल से उसे संभाला गया। गौतम बुद्ध ने सबको स्पष्ट किया कि हाथी की शारीरिक क्षमता में कमी नहीं थी, आवश्यकता मात्र उसके अंदर उत्साह के संचार करने की थी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कारगिल युद्ध के जांबाजों को शत-शत प्रणाम

26 जुलाई हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि वर्ष 1999 में इसी दिन हमारे देश के जाबांज सैनिकों ने देश के दुश्मन पाकिस्तान को कारगिल युद्ध में करारी शिकस्त देकर कारगिल की चोटियों पर भारत का तिरंगा फहराया था। भारत हमेशा ही पाकिस्तान को प्यार और अहिंसा से आतंकवाद और कश्मीर समस्या के लिए बातों और समझौतों की राह चलते हुए समझाने की कोशिश करता आया है, लेकिन हमारे देश के प्रति नापाक पाकिस्तान ने जब-जब भी अपनी नापाक हरकतों की लक्ष्मण रेखा पार की है, तब-तब हमारे देश ने इसे सुधारने के लिए बातों से नहीं, बल्कि लातों से भी काम लिया है। हर युद्ध में उसे मुंह की भी खानी पड़ी है। *–मनहरण साहू, रायगढ़*


## ट्रेंड

### लोग दुष्प्रचार को समझेंगे




बुरे अतीत से छुटकारा पाने के लिए विपक्षी गठबंधन ने अपना नाम बदल लिया है। केवल नाम बदलकर आईएनडीआईए कर दिया गया। पिछले कार्यों को सार्वजनिक स्मृति से नहीं मिटाएंगे। लोग समझदार हैं इस दुष्प्रचार को समझ सकेंगे।
**-अमित शाह, गृह मंत्री**

### जटिल ऑपरेशन शुरू




यूएन ने यमन के तट पर खस्ताहाल टैंकर से 1 मिलियन बैरल तेल स्थानांतरित करने का जटिल ऑपरेशन शुरू किया है। हमें टिक-टिक करते टाइम बम को निष्क्रिय करने और तेल रिसाव से बचने के लिए काम करते रहने की जरूरत है।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### गिग वर्कर्स के लिए कानून




राजस्थान के 3 लाख से ज़्यादा गिग वर्कर्स को उनका अधिकार और आत्मसम्मान दिलाने के लिए कांग्रेस सरकार ने नया कानून लागू किया है, जो भारत का पहला ऐसा कानून है। ये कानून गिग इकॉनामी के श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा देगा।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

### अपने जैसा होना मत भूलना



जब हम अपने सोशल मीडिया को स्क्रॉल करने और दूसरों की जांच करने में व्यस्त होते हैं, तो हमें इस बात के टेम्पलेट दिए जा रहे हैं कि हमें कैसा दिखना चाहिए, सोचना चाहिए, महसूस करना चाहिए, कहना चाहिए और करना चाहिए। अद्वितीय होना, अपने जैसा होना मत भूलना।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**




## करंट अफेयर

# तमिलों के मुद्दों पर श्रीलंका में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक



श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे द्वीपीय देश में अल्पसंख्यक तमिलों के जातीय मेल-मिलाप के जटिल मुद्दे पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक करेंगे। राष्ट्रपति द्वारा यह बैठक सरकार के राष्ट्रीय सुलह कार्यक्रम और इसकी आगे की राह पर चर्चा के लिए बुलाई गई है । यह कदम पिछले सप्ताह राष्ट्रपति की दो दिवसीय भारत यात्रा के तुरंत बाद उठाया गया है, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। दिल्ली यात्रा से पहले, विक्रमसिंघे ने उत्तर और पूर्वी प्रांतों में प्रतिनिधित्व करने वाली तमिल पार्टियों के साथ एक बैठक में सर्वदलीय सहमति के साथ श्रीलंकाई संविधान के 13वें संशोधन (13ए) को प्रांतों को पुलिस शक्ति दिए बिना पूर्ण रूप से लागू करने पर सहमति जतायी थी । सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के मामले में ऐसा प्रतीत होता है कि श्रीलंका का विपक्ष बंटा हुआ है । राष्ट्रीय सुलह पर सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के लिए संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी राजनीतिक दलों और स्वतंत्र समूहों के नेताओं को निमंत्रण दिया गया है, इनमें से कुछ विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि इस बैठक के एजेंडे के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है ।

## ऑफ बीट

# आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित



कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका फ़फ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स (जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। अस्थमा से पीड़ित वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। संतृप्त वसा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे बिस्कुट, सॉसेज, पेस्ट्री और चॉकलेट और फास्ट फूड में पाए जाते हैं। संतृप्त वसा, साथ ही चीनी और लाल मांस से भरपूर आहार किसी के अस्थमा के लक्षणों को बिगाड़ सकता है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## नियमों को ताक में रखकर दौड़ रही बाल वाहिनियां



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे व आसपास के क्षेत्र में निजी विद्यालयों की बाल वाहिनियां नियमों को ताक में रखकर दौड़ रही है जिन पर कार्रवाई के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी उच्च अधिकारियों के आदेशों का इंतजार है। प्रदेश में प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं के बाद भी परिवहन विभाग संज्ञान नहीं ले रहा है जिसके चलते निजी विद्यालय संचालक पूरी तरह से बसों के संचालन में अपनी मनमानी कर रहे हैं। अधिक बचत के चक्कर में विद्यार्थियों की जिंदगी को दांव पर लगाते हुए क्षमता से अधिक बच्चे बैठाकर परिवहन किया जाता हैं। सरकार द्वारा नकारा साबित हो चुकी बसों को विद्यालयों में लगाया जाता है जिसके चलते आए दिन बीच सड़क पर बाल वाहिनियां जवाब दे रही है। इस संबंध में परिवहन निरीक्षक सुभाष खींचड़ का कहना है कि कस्बे में बाल वाहिनियां नियमों के विरुद्ध चल रही है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा भी 26 जुलाई से 5 अगस्त तक बाल वाहिनियों की जांच करने के आदेश जारी किए गए हैं

## सफाई कर्मचारी को समय पर वेतन नहीं देने पर सीएमएचओ को शिकायत

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** डॉक्टर अंबेडकर सर्वजन कल्याण एवं सहायता संगठन बीकानेर की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालू जिला बीकानेर मैं सफाई कर्मचारी कन्हैया लाल पुत्र अशोक कुमार को समय पर वेतन नहीं देने पर. सीएमएचओ बीकानेर को लिखित शिकायत दी गई ओमप्रकाश चांवरिया ने बताया कि सफाई कर्मी कन्हैयालाल पिछले 3 महीनों से रेगुलर अपनी ड्यूटी कर रहा है तीन महीने से वेतन नहीं मिलने पर पीड़ित परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है पीड़ित परिवार के आय का अन्य कोई साधन नहीं है मुख्य चिकित्सा अधिकारी ग्राम कालू को भी इस बारे में मौखिक रूप से कन्हैया लाल ने चार पाच बार निवेदन किया लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई सूचना प्रेषित कर निवेदन है कि 7 दिन के भीतर पीड़ित कर्मचारी को तीन माह का बकाया वेतन देने की मांग की शिकायत की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर बीकानेर एवं स्वास्थ्य मंत्री राजस्थान सरकार भेजी सात दिन के अंदर वेतन नहीं दिया जाता है तो संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन जिला स्तर पर किया जाएगा।

## प्रथम वर्ष के दस्तावेज सत्यापन की तिथि बढ़ाने एवं प्रथम वर्ष की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** राजकीय डूंगर महाविद्यालय में प्रथम वर्ष प्रवेश के दस्तावेज सत्यापन करने की तिथि एवं प्रथम वर्ष में प्रवेश की सीटों को बढ़ाने को लेकर छात्र संघ महासचिव श्रवण कुमावत के नेतृत्व में डूंगर महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा!

पूर्व महासचिव मुकेश पूनिया ने बताया कि विद्यार्थी अपने प्रमाण पत्रों की कमी के कारण फॉर्म जमा नहीं करा पा रहे हैं इसलिए विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए अतिरिक्त समय देने की मांग की ओर ज्ञापन देने में पूर्व महानगर मंत्री मोहित बापेऊ ने कहा कि राजस्थान के सबसे बड़े महाविद्यालय होने के बावजूद मात्र 1700 सीटों पर आवेदन लिए गए जोकि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है प्राचार्य महोदय को विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए सीटों में इजाफा करने की मांग की ,अगर प्रशासन विद्यार्थियों के हित में फैसला नहीं लेता है कॉलेज बंद कर अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ेंगे प्रदर्शन में पूर्व महासचिव मुकेश पुनिया,पिंकी पुनिया,करिश्मा बिश्नोई,खुसबू ,बजरंग बिश्नोई,तेजवीर कसवा,विशाल बिश्नोई,अशोक बिश्नोई,पवन बिश्नोई,परदुमन,आदित्य ओझा,पुस्पेंद्र मीणा आदि छात्र शामिल रहे।

## भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

*अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी है भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष*

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रुपेश शर्मा /अलवर ।** भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी के बुधवार को जयपुर में हुए पदभार ग्रहण समारोह में अलवर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ चौधरी ने बुधवार को भाजपा कार्यालय जयपुर में अपना पदभार संभाला ।इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा अलवर से प्रदेश के कोषाध्यक्ष दिनेश भार्गव ,भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोरधन सिंह सिसोदिया, योगेन्द्र चौधरी,निर्मल सूरा,प्रकाश शर्मा, कुलदीप यादव, अभिषेक कुमावत, आदि सभी कार्यकताओं ने पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को भाजपा का दुपट्टा व साफा पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

### ब्रेन ट्यूमर होने से हुआ था निधन

# बीएसएफ जवान की सैन्य सम्मान से हुई अंत्येष्टि




सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** बावड़ी ग्राम पंचायत के राजस्व गांव सौंथलिया निवासी बीएसएफ जवान सागर मल मील का ब्रेन ट्यूमर से निधन के बाद बुधवार को सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि की गई।

सैनिक के छोटे भाई सरदार सिंह ने बताया कि सागरमल मील 1994 में सीमा सुरक्षा बल में भर्ती हुए थे, वर्तमान में बीएसएफ की आठवीं बटालियन में पश्चिम बंगाल के कृष्णा नगर में तैनात थे ड्यूटी के दौरान आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन में सिर में चोट लगने के कारण ब्रेन ट्यूमर हो गया था। 22 अप्रैल 2023 को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद बीएसएफ के हॉस्पिटल में दिखाया गया, जहां पर तबीयत में सुधार नहीं होने के कारण कोलकाता, दिल्ली आदि जगहों पर इलाज चलने के बाद 25 जुलाई को बीएसएफ जवान ने गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में आखिरी सांस ली। जवान सागरमल की मौत की खबर सुनकर गांव मातम छा गया जिसके बाद शाम को गांव में चूल्हे तक नहीं जलाए गए। बुधवार को जवान की पार्थिव देह दिल्ली से सेना के ट्रक में रींगस पहुंचने पर कांग्रेस नेता सुभाष मील के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने बाइक तिरंगा रैली निकाली। जिसमें भारत माता के जयकारों के साथ सागरमल अमर रहे के नारे लगे। बाइक रैली का शुभारंभ रींगस भैरुजी मोड़ स्थित पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के सामने से किया गया, जो जवान के पैतृक गांव सौंथलिया तक निकाली गई। बीएसएफ जवान सागरमल की पैतृक गांव सौंथलिया में सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि की गई जिसमें बीएसएफ की 25 वीं बटालियन के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बीएसएफ जवान सागरमल की पार्थिव देह पर कांग्रेस नेता सुभाष मील, पूर्व विधायक बंशीधर बाजिया ने पुष्प चक्र अर्पित किए। जवान के ज्येष्ठ पुत्र विकास चौधरी के द्वारा मुखाग्नि दी गई।

### जवान को शहीद का दर्जा देने की मांग

बीएसएफ जवान के अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद ग्रामीणों ने बीएसएफ जवान सागरमल को शहीद का दर्जा देने व गांव के विद्यालय का नामकरण सागरमल मील के नाम पर करने की भी मांग की गई।

# सीआईएसएफ जवानों ने कॉलेज परिसर में लगाए 1151 पौधें





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़ ।** हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत सीआईएसफ प्रशिक्षण केंद्र अनंतपुरा के सौजन्य से नारायणी देवी महिला महाविद्यालय में 1151 पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआईएसफ प्रशिक्षण केंद्र के सीनियर कमांडेंट एमके वर्मा रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में मानव जाति की पहली आवश्यकता पर्यावरण संरक्षण है आमजन के द्वारा अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने के कारण ही ओजोन परत में हो रहे छेद को बड़ा होने से रोका जा सकता है। आज के समय में प्रत्येक नागरिक को यह संकल्प लेना चाहिए कि किसी भी शुभ एवं धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक पौधे लगा कर प्रकृति और पर्यावरण को सुंदर बनाया जा सकता है.तथा पेड़ों की सुरक्षा व पालने का संकल्प दिलाकर जैव विविधता वह ग्लोबल वार्मिंग के महत्व को बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज चेयरपर्सन डॉ. नीलम यादव ने कहा कि आज के समय में मनुष्य के द्वारा प्रकृति से बहुत अधिक छेड़खानी की जा रही है। इस कारण से प्राकृतिक आपदाएं अधिक से अधिक हो रही है जिससे मनुष्य का जीवन संकट में पड़ गया है प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षित रखना चाहिए और इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाकर वातावरण को शुद्ध रखना चाहिए। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वय सेविकाओ के द्वारा पौध संरक्षण संकल्प लिया गया तथा महाविद्यालय द्वारा सभी छात्राओं को पौधे भी वितरित किए गए। इस अवसर पर कॉलेज सचिव डॉ. ओम प्रकाश यादव, डॉ. संजय यादव,अमर चंद शर्मा, एनएसएस अधिकारी पृथ्वीराज यादव, जगबीर यादव, अनिल यादव, नितेश यादव, अजय नायक, जितेंद्र यादव, पूजा लांबा,इंदु यादव, रामरतन सूद, आकाश सैनी, सहित समस्त स्टाफ कॉलेज छात्राएं व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बीकानेर में जमकर बरस रहे मेघ, चारों तरफ पानी ही पानी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** शहर में आखिरकार लोगों को उमस से राहत मिल ही गई। बुधवार दोपहर बाद गांवों से लेकर शहर तक मेघ जमकर बरसे। करीब एक घणटे तक तेज बारिश का दौर जारी रहा। हालंकि अभी भी बारिश हो रही है। इतनी तेज हुई बारिश के बाद एक बार फिर प्रशासन के दावों की पोल खोल खुल गई। शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। इससे आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ खानेपीने के शौकीन भी गर्म कचौड़ी-समोसा खरीदने के लिए पहुंचे रहे है।

**श्रीडूंगरगढ़ में जमकर बरसे मेघ :** श्रीडूंगरगढ़ में भी जमकर बरसात हुई है। वहीं बरसात का दौर अभी जारी है परंतु धीरे होने के साथ नागरिकों ने राहत की सांस ली है। बाजार की गलियों में तेजी से पानी उतर रहा है पानी वहीं सैंकड़ो घरों, कटलो, दुकानों में पानी भर गया है। मुख्य पोस्ट ऑफिस, सरकारी अस्पताल, सब्जी मंडी से जोशी अस्पताल की ओर के हालात बेहाल हो गए है और पोस्ट आफिस के कार्मिक डॉक्यूमेंट बचाने में जुटे है। अगर बारिश वापस आई तो हालात होंगे बेकाबू होने की आशंका है।

यह लेख पढ़ना जरूरी...

## आई फ्लू बिमारी के प्रति रहे सजग, बरते सावधानियां : डॉ. भूपेंद्र शर्मा

**वायरल हो रहे फ्लू से बचाव ही उपाय**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने बताया कि इन दिनों मौसम में परिवर्तन व बढ़ते संक्रमण के कारण लोगों में नेत्र/आंखों से संबंधित आई फ्लू बिमारी की शिकायत देखने को मिल रही हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह एक प्रकार का वायरल संक्रमण है तथा इसे संक्रामक रोग के तौर पर भी देखा जाता है। इस रोग से पीड़ित होने पर रोगी को आंखों में जलन के साथ-साथ बुखार भी देखने को मिल सकता है। रोगी को आंखों में दर्द,सूजन, लालिमा,हल्की खुजली, आंखों से पानी व रक्तस्राव,आंखें खोलने में परेशानी इत्यादि प्रकार की समस्याएं महसूस होती है। डॉ शर्मा ने बचाव उपायों को लेकर बताया कि सर्वप्रथम हमें सफाई- स्वच्छता का पूरी तरह से ध्यान रखना है।

- आंखों को गुलाब जल, हल्के गर्म या ठंडा पानी इनमें से किसी एक से बार-बार साफ करें।
- आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाहनुसार ही सप्तामृत लौह, त्रिफला गुग्गुल, त्रिफला क्वाथ से नेत्र प्रक्षालन तथा अजाक्षीर (बकरी का दूध) की दो-दो बूंदें आंखों में डालने से आई फ्लू रोग के प्रकोप से बचा जा सकता है।
- इसके अलावा सुबह-शाम खाली पेट आंवले का रस, पालक-गाजर के रस का सेवन भी फायदेमंद रहता है।
- डॉ. शर्मा ने कहा कि आंखों को मसलने से बचें।
- पीड़ित व्यक्ति काले चश्मे का प्रयोग करें।
- घर से बाहर नहीं निकले।
- आंखों को बार-बार छुने से बचें। आई फ्लू से पीड़ीत रोगी के सम्पर्क में नहीं आएं और
- पीड़ित व्यक्ति के किसी भी प्रकार के सामान का प्रयोग नहीं करे।
- टीवी, मोबाइल, धूम्रपान, एल्कोहल, बांसी व गरिष्ठ भोजन, फास्ट फूड इत्यादि का सेवन नहीं करे।
- खुद से किसी भी तरह की दवाई नहीं ले और समस्या ज्यादा होने पर नजदीकी चिकित्सक से परामर्श जरुर करें।

## जोधपुर की सड़कों पर आधी रात 3 घंटे रियलिटी चेक:30 KM में 25 चौराहे पहुंचे; जहां गैंगरेप वहां चौकी मिली खाली

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जोधपुर।** जोधपुर में जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के ओल्ड कैंपस में नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप के 8 दिन बाद रात में महिलाएं-लड़कियां कितनी सुरक्षित हैं। इसका जायजा लेने दैनिक भास्कर की महिला रिपोर्टर पूर्णिमा बोहरा व टीम ने आधी रात 3 घंटे में 30 किलोमीटर चलकर 25 प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा का रियलिटी चेक किया।

हैरत की बात थी कि जिस ओल्ड कैंपस में दरिंदगी हुई, वहां उदयमंदिर पुलिस चौकी खाली मिली। सड़कें सूनी थी, कई चौराहों पर न पुलिस थी और न ही नाकाबंदी।

# कांग्रेस सरकार के खिलाफ बीजेपी नेत्री के नेतृत्व में प्रदर्शन, नगरपालिका कार्यालय का किया घेराव








सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़ ।** भाजपा नेत्री डॉ. शानू यादव के नेतृत्व में बहरोड़ में आयोजित किया गया "नहीं सहेगा राजस्थान" कार्यक्रम। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी के निर्देशन में बुधवार को कस्बे में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सह संयोजक प्रशिक्षण डॉ शानू यादव ने बडी संख्या में महिलाओं के साथ थाली बजाते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। डॉ शानू यादव ने बताया की राजस्थान सरकार के लगातार पेपर लीक,महिलाओं पर अत्याचार,चौपट कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध,तथा किसान विरोधी राजस्थान की कांग्रेस सरकार का राज बहन बेटियों के लिए अभिशाप बन गया है। तथा प्रदेश में निरंतर रेप व छेड़छाड़ की घटनाओं की वजह से राजस्थान की महिलाओं पर खतरा मंडरा रहा है। लेकिन कांग्रेस सरकार आंखे मूंद कर बैठी हुई है। इसी भय आतंक भ्रष्टाचार पेपर लीक महिला सुरक्षा के मुद्दों को लेकर सोई हुई सरकार को जगाने के लिए राजस्थान महिला मोर्चा पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन कर रही है। उसी कड़ी में बुधवार को बहरोड़ कस्बे में महिलाओं के साथ थाली बजाते हुए पैदल मार्च कर भारी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चित्रा शर्मा, मंडल अध्यक्ष ज्योति संयोगिता , मंडल अध्यक्ष संजय मीर, नगर पालिका बहरोड़ नेता प्रतिपक्ष ओम यादव, पार्षद संतोष देवी, मुकेश यादव,अमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## महिला मोर्चा आशापुरा माता मंडल की मीटिंग का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल।** ब्यावर विधानसभा महिला मोर्चा आशापुरा माता मंडल की मीटिंग का हुआ आयोजन कंचन रावत के निवास स्थान पर रखी गई दो शक्ति केंद्र की लिस्ट बनाई जिसमें महिला मोर्चा जिला आईटी प्रभारी ब्यावर विधानसभा प्रवासी खुशबू गारू व महिला मोर्चा जिला मंत्री और ब्यावर विधानसभा संयोजक मंजू जांगिड़ साथ मिलकर काम किया महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पा आसवानी,कंचन रावत, बुलबुल प्रजापत, संगीता, फुलवंती, लक्ष्मी देवी आदि उपस्थित रहे

## नीलकंठ महादेव मंदिर में मारू सेन समाज का स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ संपन्न



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल) ।** मारू सेन समाज पंचायत बोर्ड संस्था द्वारा श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में मारू सेन समाज का स्नेह मिलन एवं सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया । मीडिया प्रभारी दिलीप बड़गुर्जर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में समाज के 700 से अधिक व्यक्ति विद्यमान रहे हैं जिसमें माता,बहनें, युवा और बच्चों ने समाज के स्नेह मिलन कार्यक्रम में भाग लिया उक्त अवसर पर महिला और बच्चों के भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमे रस्साकस्शी,कुर्सी दौड़,चम्मच दौड़ व महिला और पुरषों के बीच अंतराक्षरी कार्यक्रम का आयोजन हुआ ।मारू सेन समाज के अध्यक्ष दिलीप सेन द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित किया जिसमे बच्चों को शिक्षा व युवा को राजनीति क्षेत्र में कदम बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई समस्त मारू सेन समाज बंधुओ, माताओं, बहनों, युवा शक्ति को पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ की शपथ दिलाई गई । समाज द्वारा नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर के आसपास 21 पौधे लगाए गए जिसमे कल्पवृक्ष का जोड़ा मुख्य तौर से लगाया गया इसके आलावा वट वृक्ष, बड़,पीपल,नीम,जामुन,बील पत्र के पोधे लगाए गए सभी समाज बंधुओ को महिला मंडल,नवयुवक मंडल,श्री सेन समाज एसोशियेशन पदाधिकारी और संस्था के सभी ने वृक्षारोपण करने की शपथ समाज के अध्यक्ष दिलीप सेन द्वारा दिलाई गई पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल भाटी ने पुरानी कुरतिया त्यागने के लिए समाज सदस्यो से अपील की गई । इस मौके पर अध्यक्ष दिलीप सेन,बोधुलाल धांधल,रामेश्वरलाल सिसोदिया,ओमप्रकाश सोलीवाल,बाबूलाल गहलोत,रामनिवास सेन भईया जी,गोविंदराम सेन,जगदीश गहलोत,रमेश चौहान,त्रिलोकेश्वर परिहार,कन्हैया लाल धांधल,महावीर मेवाड़ा,सुशील चौहान,कैलाश चौहान,आलोक मेवाड़ा,एसोशियेशन अध्यक्ष गोपाल छापरवाल,नवयुवक अध्यक्ष कपिल गहलोत,मंत्री मयंक सेन,राकेश ब्रजेश छापरवाल,सत्यनारण गहलोत,सत्यनारायण भूरा भाटी,राजेंद्र सेन,केलास सेन,पिंटू हर्षवाल,गोतम तंवर,अशोक पंवार,राकेश बणभेरू,व्यवस्थापक अर्जुन परिहार,संदीप परिहार,राहुल सेन,सुमित सांखला,तरुण गहलोत,संजोग गहलोत महिला मंडल अध्यक्ष उगमा गहलोत,मंजू,इंद्रा,मंजू मेवाड़ा,सुनीता,गुड़िया आदि उपस्थित रहे ।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया परिष्कार कॉलेज स्टूडेंट्स ने





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** वर्ष 1999 में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच कारगिल युद्ध हुआ था। करीब दो महीने तक चले इस युद्ध में भारतीय सेना ने पाक सेना को धूल चटाते हुए कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। भारतीय सेना के अदम्य साहस और शहीदों की याद में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इस विजय दिवस के अवसर पर जयपुर के मानसरोवर स्थित परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) से जुड़े स्टूडेंट्स ने कारगिल विजय दिवस मनाया। कारगिल युद्ध में देश के 527 वीर जवानों ने अपने प्राणों की बाजी लगाई थी। परिष्कार कॉलेज के स्टूडेंट्स ने शहीदों की याद में 'द लास्ट पोस्ट' धुन बजाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कॉलेज के निदेशक डॉ. राघव प्रकाश ने स्टुडेंट्स के साथ सेना के जांबाज जवानों की वीरगाथाएं साझा की। उन्होंने बताया कि सेना के जवान विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखते हुए दृढ संकल्प के साथ सीमा पर डटे रहे और पाक सेना का मुकाबला किया था। कारगिल की चोटी पर चढ़कर हमला करने वाले पाक सैनिकों को भारतीय सेना के जवानों ने मौत के घाट उतार कर कारगिल की चोटी पर कब्जा किया। सेना की वीरता के किस्से सुनकर स्टूडेंट्स के दिनों में देशप्रेम की भावना जाग्रत हुई। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. सविता पाईवाल, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. आलोक चतुवेर्दी, डॉ. गिरिराज शर्मा और डॉ. शिल्पा चौधरी मौजूद रहे।

# रामजी ने कहा कि मैं रावण के जैसा कायर नही हूं : रामभद्राचार्य

## 9 दिनों से चल रही श्रीराम कथा और रजत जयंती महोत्सव का हुआ भव्य रूप से समापन

सितारा न्यूज नेटवर्क






**सालासर/ विनोद धायल।** चुरू जिले की विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थली सिद्धपीठ सालासर बालाजी धाम की नगरी में स्तिथ श्री बालाजी गौशाला संस्थान के 25 वर्ष पूरे होने पर गौशाला परिसर में 9 दिवसीय रजत जयंती महोत्सव व श्रीराम कथा का समापन बुधवार को सफलतापूर्वक हुआ। कथा के समापन अवसर पर श्रीराम कथा में पद्मविभूषण श्रीचित्रकूट तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने कहा कि जितनी व्यवस्थित व्यख्या वाल्मीकि जी ने रामायण में कि लक्ष्मण जी प्रसन्न हो गए। उन्होंने कहा कि में तो आपके बालक के समान हूँ, तारा जी आप सुग्रीव जी को समझा दीजिए, तो तारा जी ने कहा कि आप तो परमात्मा है प्रभु, सुग्रीव ने आकर भगवान लक्ष्मण जी प्रणाम किया। भगवान राम ने हनुमान जी को जो अंगूठी दी थी वो अंगूठी आज भी हिम्मच के कुल्लू में है।हनुमानजी महाराज को जमवाँ जी ने उत्साहित किया, हनुमान जी ने कहा मैं चाहूं तो 100 योजन तक जा सकता हु।वाल्मीकि जी का रामायण का इतना सफल प्रयोग है, जितनी बड़ी दक्षिणा मुझे सालासर ने दी उतनी शायद ही आजतक किसी भी वक्ता को नही दी। 2004 का वो समय मेरी कथा यहां चल रही थी, पैसे का आभाव रहता है, और अब पैसे की बढ़ोतरी हो गई है।रावण का भवन जब देखा मन्दोदरी को देखा मन्दोदरी सीता जी का गीतन करती थी थोड़ा सा भाव सीताजी पर आ गया हनुमान जी को लगा कि यह सीता जी होगी मगर नही मन्दोदरी के शरीर से मछली की दुर्गंध आती और सीता जी के शरीर से कमल की खुशबू आती है। राक्षस मुझे नोच कर कहा जाएंगे, अगर सिताजी मुझे नही मिली तो मैं लौटकर रामजी के पास नही जाऊंगा उसके बाद थोड़ी देर बाद हनुमान जी ने अशोक वाटिका में ढूंढ ही लिया। कथा से पूर्व 9 दिनों से चल रहे श्री हनुमन अतिरुद्र महायज्ञ की पूणार्हुति हुई। कथा समापन अवसर पर हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी व भाजपा जिलाध्यक्ष चुरू धर्मवीर पुजारी ने संबोधित कर गौशाला के 25 वर्ष पूरे होने पर संस्थान को धन्यवाद दिया कि ऐसी व्यवस्थाए गौशाला में है कहा कि भारत की सबसे प्रसिद्ध गौशाला है।हाईटेक सुविधा यहां की हुई है। पूरे ग्रामवासियों व पुजारी पूजारी परिवार को धन्यवाद देता हूँ कि इस पूरे योगदान में आपका पूरा सहयोग मिला है, इसके लिए आप सबका आभार जताता हूँ। इस गौशाला को इंग्लैंड की संसद ने भी सम्मानित किया हुआ। इस दौरान बद्रीनाथ धाम के बालक योगेश्वर दास महाराज, मांडेता धाम के कानपुरी महाराज, हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी, भाजपा जिलाध्यक्ष चुरू धर्मवीर पुजारी, श्रवण चौधरी सीएलसी, परमेश्वर शर्मा, कमल पुजारी, अजय पुजारी, अरविंद पुजारी, बबलू पुजारी, मनोज पुजारी, आशीष पुजारी, सत्यप्रकाश पुजारी, किशन पुजारी सहित पुजारी परिवार मोजूद रहा। कथा के दौरान बीच में आई गौशाला की विशेष गाय रही आकर्षण का केंद्र। कथा के बीच गौशाला की सबसे सुंदर और विशेष गौमाता के दर्शन के लिए भीड़ जुट गई।

### 9 दिवसीय राम कथा और रजत जयंती महोत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ : रविशंकर पुजारी

सालासर बालाजी गौशाला संस्थान के 25 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।श्री बालाजी गौशाला संस्थान के अध्यक्ष रविशंकर पुजारी ने बताया कि 18 से 26 जुलाई तक गौशाला में रजत जयंती महोत्सव और श्रीराम कथा का आयोजन हुआ, जिसमें कलश यात्रा, भजन संध्या, नृत्य कार्यक्रम, विशेष झांकियां द्वारा प्रस्तुतियां दी इसके साथ 9 दिनों तक स्वामी रामभद्राचार्य महाराज द्वारा कथा सुनाई गई।इस महोत्सव को सफल बनाने के लिए में पूरे गौशाला संस्थान के पदाधिकारियों, सेवकों, पुजारी परिवार व पूरे ग्रामवासियों का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं।

## जयपुर में दो सितम्बर को आयोजित होगा सम्मान समारोह

# बढ़ेगा मान : जयपुर रत्न सम्मान समारोह के चतुर्थ संस्करण में प्रतिभाओं को मिलेगा उचित सम्मान

### शक्ति फिल्म प्रोडक्शन के सानिध्य में आयोजित होगा सम्मान समारोह

### इच्छुक प्रतिभाओं द्वारा नॉमिनेशन आमन्त्रित

सितारा न्यूज नेटवर्क




**ज्योति गुप्ता/जयपुर।** समाज के लिए कुछ ना कुछ करते रहना आवश्यक है, साथ ही आवश्यक है उन लोगों का सम्मान जो इस समाज तथा देश को समर्पित होकर श्रेष्ठ कार्य कर दूसरों से अलग अपनी पहचान बनाते हैं। इन्हीं भावों को लेकर शक्ति फिल्म प्रोडक्शन हरवर्ष की भांति इस वर्ष भी जयपुर रत्न सम्मान समारोह का चतुर्थ संस्करण आयोजित करने जा रहा है, इस समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में समर्पित भाव से श्रेष्ठ कार्य करने वाली गणमान्य विभूतियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। शक्ति फिल्म प्रोडक्शन की फाउंडर अंबालिका शास्त्री ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि "जयपुर रत्न सम्मान समारोह" का चतुर्थ संस्करण 2 सितम्बर 2023 को जयपुर में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ आयोजित होगा, जिसमें समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को तरासकर उन्हें अलग व विशिष्ट पहचान प्रदान की जाएगी।इस सम्मान के उत्सुक प्रतिभा अपना नॉमिनेशन अवश्य कराएं, अभी नॉमिनेशन आमन्त्रित है।नॉमिनेशन के माध्यम से प्राप्त हुई प्रविष्टियों को निर्णायक मंडल द्वारा चयनित किया जाएगा, जिसका परिणाम प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से घोषित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सम्मान समारोह के साथ ही विभिन्न मॉडलों द्वारा डिजाइनर शोकेसिंग व एनजीओ के अनाथ बच्चों द्वारा फैशन वॉक किया जाएगा, जिसके उपरांत इन बच्चों को उपहार दिए जाएंगे।

इच्छुक प्रतिभा अपना आवेदन निम्न ईमेल एड्रेस पर भेज सकते हैं। jaipurratan2020@gmail.com

## राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं में प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर ) ।**शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को महाविद्यालय की फाईनल ईयर एवं पूर्व में उतीर्ण छात्राओं हेतु महाविद्यालय के नवाचार प्रकोष्ठ, प्लेसमेंट सेल एवं आइक्यूएसी द्वारा एनआईआईटी-आईएफबीआई के सहयोग से रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ दीपाली जैन ने बताया कि आईसीआईसीआई कंपनी की प्रशिक्षण सहयोगी कंपनी एनआईआईटी-आईएफबीआई ने महाविद्यालय में आईसीआईसीआई बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर चयन हेतु बुधवार को विद्यार्थियों की आर.एम. पद के लिए भर्ती की स्क्रीनिंग प्रक्रिया आयोजित की गई । प्लेसमेंट ड्राइव हेतु छात्राओं में अत्यंत उत्साह देखने को मिला और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। नवाचार प्रकोष्ठ की संयोजक प्रो. मीनाक्षी जैन ने बताया कि लगभग 130 छात्राओं ने प्रथम चरण में भाग लिया जिनमें से 21 छात्राएं स्क्रीनिंग में चयनित हुई है ।एनआईआईटी-आईएफबीआई की ओर से पधारे सुमित मुद्गल ने बताया कि जिन छात्राओं का स्क्रीनिंग में चयन हुआ है उन छात्राओं के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे और ट्रेनिंग के पश्चात चयनित अभ्यर्थियों को स्थाई नौकरी के लिए बुलावा भेजा जाएगा। प्लेसमेंट ड्राइव कार्यक्रम में प्रो. उषा परनामी, प्रो. सुरेश कुमार वर्मा व प्रो. हंसा लुनायच ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।





## रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना ने क्षेत्र का किया दौरा





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी प्रधान प्रतिनिधी मांगेलाल मीना (रिटायर्ड चीफ इंजीनियर) ने आगामी चुनाव को ध्यान मे रखते हुए क्षेत्र के विभिन्न गांवो का दौरा किया। आरडी मीना बैरावण्डा ने बताया कि राजगढ-लक्ष्मणगढ विधानसभा क्षेत्र के ढिगावडा, बावड़ी , कोठीनारायणपुर , माचाड़ी सहित अनेक जगह का दौरा कर चुनाव सम्बन्धित चर्चा भी की और इस दौरान सभी जगह पर प्रधान प्रतिनिधी व रिटायर्ड चीफ इंजीनियर मीना का सभी ने मान सम्मान दिया।

## राज्यपाल कलराज मिश्र गुरूवार को सीकर आएंगे

**सीकर।** राज्यपाल राजस्थान कलराज मिश्र 27 जुलाई (गुरूवार) को सीकर आएंगे। जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने बताया कि राज्यपाल कलराज मिश्र 27 जुलाई (गुरूवार) को जयपुर से 8.15 बजे बजे प्रस्थान कर प्रातः 10.30 बजे सीकर हेलीपैड पर पहुंचेंगे तथा प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे तथा सीकर में विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास,लोकार्पण,उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। राज्यपाल मिश्र दोपहर 1.10 बजे सीकर से जयपुर राजभवन के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की उठाई मांग

# 2024 में अत्याचारी भाजपा सरकार को उखाड़ फैकने का संकल्प: मनोज चौहान

सितारा न्यूज नेटवर्क





**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** महिलाओं आदिवासियों अल्पसंख्यकों के विरुद्ध बढ़ते अत्याचार को रोकने में भाजपा की डबल इंजन सरकार की विफलताओं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मणिपुर की विभिन्न घटनाओं पर मौन धारण करने को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निदेर्शानुसार सभी जिलों में भाजपा की महिला विरोधी केंद्र सरकार के विरोध में विरोध- प्रदर्शन किया गया ।विरोध स्वरूप पैदल मार्च का आयोजन करने के पश्चात केंद्र सरकार की अकर्मण्यता,महिलाओं, आदिवासियों,अल्पसंख्को के विरुद्ध हो रहे अत्याचार को रोकने में विफल रहने पर तथा प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा अजमेर देहात जिला कांग्रेस कमेटी के पैदल मार्च में ब्यावर से कांग्रेस नेता मनोज चौहान के नेतृत्व में सैकडो कार्यकर्ता चार पहिया वाहनो से अजमेर पहुचकर मोदी सरकार के खिलाफ पैदल मार्च में भाग लिया कांग्रेस नेत मनोज चौहान ने सम्बोधित करते हुये कहा कि मोदी सरकार देश के हर क्षेत्र में विफल हो चुकी है और केन्द्र की भेजपा सरकार अपनी सरकार की गलत नितियो को छुपाने और ध्यान भटकाने के लिये देश में दंगे फसाद,मंदिर मस्जिद,हिन्दु मुसलमान के नाम पर लडाने की साजिश करते है चौहान ने आने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा के फूल को जड़ सहित उखाड़ फैंकने का संकल्प लेने के लिये कार्यकताओं को कहा पैदल मार्च में अजमेर संभाग संगठन प्रभारी रामविलास चौधरी, ब्यावर विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र परसवाल अजमेर नगर निगम पार्षद नोरत गुर्जर, सर्वेश पारीक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका, पार्षद राजेश शर्मा,राजेंद्र तुनगरिया, भरत बाघमार,घनश्याम फुलवारी,मजीद कुरेशी,राकेश साहू,अजय स्वामी,सदस्य राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी शैलेश शर्मा, ब्यावर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष सांखला,जिला सचिव धर्म सिंह भाटी, महेन्द्र सिंह कालीकांकर, राम यादव, हनुमान सिंह रावत,सी पी शर्मा,मेघराज बोहरा,शाहिद खान,सुरेंद्र सेन, गणपत लाला बोहरा,नेमीचांद संवासिया,नारायण त्रिपाठी,शक्ति सिंह, आमीन काठात,नरेन्द्र सिंह,रोशन काठात, देवेन्द्र काठात,कमल गंगवाल ,रघुनाथ गुर्जर, ब्लॉक सचिव इंदरमल, संदीप कुमार, ओमप्रकाश गुर्जर, चिम्मनलाल,लक्ष्मण सिंह,संजय सिंह कोटड़ा,प्रह्लाद सेन जसवंत सिंह सहित संगठन के पदाधिकारी,कार्यकर्ता एवं पार्षदों ने कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में भाग लिया और मोदी सरकार की विफलताओं के खिलाफ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने में उपस्थित रहे है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## टी20 विश्व कप एशिया बी क्वालीफायर

# इद्रुस का वर्ल्ड रिकॉर्ड, आठ रन देकर झटके सात विकेट

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

मलेशिया के गुमनाम से तेज गेंदबाज सियाजरूल इद्रुस ने टी20 विश्व कप एशिया बी क्वालीफायर में सात विकेट लेकर अंतरराष्ट्रीय पुरुष क्रिकेट में टी20 गेंदबाजी का नया रिकॉर्ड बनाया। इद्रुस ने आठ रन देकर सात विकेट लिए जिसकी मदद से मलेशिया ने चीन को आठ विकेट से हराया । इद्रुस ने सभी विकेट बोल्ड किए। अब तक 22 टी20 खेल चुके 32 वर्ष के इद्रुस ने नाइजीरिया के पीटर ओहो का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने सियरा लियोन के खिलाफ 2021 में पांच रन देकर छह विकेट लिए थे।

■ मलेशिया ने चीन को आठ विकेट से हराया




### चाहर के नाम रिकार्ड

*आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्यों में भारत के दीपक चाहर के नाम टी20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड है जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 2019 में सात रन देकर छह विकेट लिए थे। समग्र रूप से वह इस सूची में दिनेश नकरानी के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं जिन्होंने युगांडा के खिलाफ 2021 में सात रन देकर छह विकेट लिए थे। नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरदिज्क के नाम महिला और पुरुष दोनों वर्गों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड है जिन्होंने फ्रांस के खिलाफ 2021 में तीन रन देकर सात विकेट लिए थे।*

### 12 गेंदबाजों के 6+ विकेट

*पुरुषों के टी20 क्रिकेट में 12 गेंदबाज छह या अधिक विकेट एक मैच में ले चुके हैं जिनमें चाहर, भारत के युजवेंद्र चहल, आस्ट्रेलिया के एश्टोन एगर और श्रीलंका के अजंता मेंडिस शामिल हैं।*




### चीन 23 रन पर आउट

*चीन की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.2 ओवर में 23 रन पर आउट हो गई। उसका कोई भी बल्लेबाज दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सका। वेइ गुओ लेइ ने सर्वाधित सात रन बनाए। मलेशिया ने 4.5 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस टूर्नामेंट के विजेता को नवंबर में नेपाल में होने वाले एशिया क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश मिलेगा जिसमें से शीर्ष दो टीमें 2024 में टी20 विश्व कप खेलेंगी।*

### सभी सातों खिलाड़ी हुए बोल्ड

*सयाजरुल की गेंदों की बात करें तो उनकी गेंदबाजी के सामने चीन के बल्लेबाज धराशायी होकर रह गए। उन्होंने सभी सातों विकेट बोल्ड किए। सयाजरुल की स्वगि होती गेंदों के सामने चीनी बल्लेबाजों के सामने कोई जवाब नहीं था। सयाजरुल ने अब तक 23 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, इनमें उन्होंने कुल 47 वकिट हासलि कएि हैं।*

## खबर संक्षेप




### मेसी का शानदार प्रदर्शन 14 मिनट में दागे दो गोल

**फोर्ट लॉडरडेल।** दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में एक अर्जेंटीना के लियोनल मेसी का अमेरिका में धमाकेदार प्रदर्शन जारी है। मेसी ने इंटर मियामी के लिए लीग कप के दूसरे मुकाबले में दो गोल कर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही इंटर मियामी ने नॉकआउट राउंड में अपना स्थान पक्का कर लिया है। टीम अब राउंड-32 में पहुंच गई है। ग्रुप-जे में उसकी यह लगातार दूसरी जीत है। इंटर मियामी के दो मैच में छह अंक हो गए हैं। मेसी ने लगातार दूसरे मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने इंटर मियामी के होम ग्राउंड पर 14 मिनट के अंतराल में दो गोल दाग दिए।

### शफीक का दोहरा शतक पाक ने बनाई बड़ी बढ़त



**कोलंबो।** सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक के कॅरियर के पहले दोहरे शतक से पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी के आधार पर 397 रन की विशाल बढ़त बना ली। बुधवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने पहली पारी में पांच विकेट पर 563 रन बना लिए हैं। शफीक ने 201 रन की पारी खेली। उन्होंने 326 गेंद का सामना करते हुए 19 चौके और चार छक्के मारे।

### मयंक शतक से चुके जीता दक्षिण क्षेत्र

**पुदुचेरी।** कप्तान मयंक अग्रवाल की 98 रन की पारी की मदद से दक्षिण क्षेत्र ने देवधर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के कम स्कोर वाले मैच में बुधवार को यहां पश्चिम क्षेत्र को 12 रन से हराया। दक्षिण क्षेत्र इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके दो मैचों में आठ अंक हैं। अग्रवाल ने 115 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 98 रन की पारी खेली जिससे दक्षिण क्षेत्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46. 4 ओवर में 206 रन बनाए। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने कमाल दिखाया और पश्चिम क्षेत्र को 36.2 ओवर में 194 रन पर आउट कर दिया।



### महिला टीम ने इंग्लैंड से ड्रॉ खेला मैच

**बार्सिलोना।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके यहां इंग्लैंड को 1-1 से बराबरी पर रोका। होली हंट ने इंग्लैंड को सातवें मिनट में ही बढ़त दिला दी थी। भारत की तरफ से लालरेम्सियामी (41वें मिनट) ने बराबरी का गोल किया। इंग्लैंड ने मैच में शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया और खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। भारत ने दूसरे क्वार्टर में अधिक आक्रामकता दिखाई जिसका उसे फायदा भी मिला।

## क्रिकेट : मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर आज शाम 7 बजे

# भारत-वेस्टइंडीज में वनडे जंग आज सूर्या दिखाएंगे 360 डिग्री बल्लेबाजी

एजेंसी ▶▶| ब्रिजटाउन

वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में सूर्यकुमार यादव इस प्रारूप में अपना प्रदर्शन बेहतर करना चाहेंगे जबकि विकेटकीपर के स्थान के लिए ईशान किशन और संजू सैमसन में मुकाबला होगा। भारत एशिया कप और अक्टूबर नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए टीम संयोजन तैयार करने के मकसद से इस श्रृंखला में कुछ खिलाड़ियों को आजमाना चाहेगा।

दोनों टेस्ट की तरह इसमें भी भारत का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है लेकिन श्रृंखला में सूर्यकुमार, ईशान, सैमसन, युजवेंद्र चहल और उमरान मलिक जैसे खिलाड़ियों पर नजरें रहेंगी। टी20 क्रिकेट का अपना फॉर्म वनडे में नहीं दोहरा सके सूर्यकुमार चोटिल श्रेयस अय्यर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर के लिए दावा कर सकते हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली श्रृंखला में लगातार तीन मैचों में पहली ही गेंद पर आउट हुए सूर्यकुमार को पहले मैच में जगह मिलने की उम्मीद है।



### विकेटकीपिंग के लिए होड़



*जांघ की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन करा रहे केएल राहुल टीम में लौटने पर विकेटकीपर की भूमिका के लिए प्रबल दावेदार होंगे। उनकी गैर मौजूदगी में ईशान और सैमसन के पास दूसरे विकेटकीपर का दावा पुख्ता करने का मौका है चूंकि ऋषभ पंत विश्व कप से पहले फिट होते नहीं दिख रहे। सैमसन को टीम से भीतर बाहर होने की आदत है लेकिन 11 वनडे में 66 की औसत से रन बना चुके इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि इस बार उन्हें अधिक मौके मिलेंगे। टेस्ट श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले ईशान पहले मैच में विकेटकीपर होंगे जिससे मध्यक्रम में स्थान लिए सैमसन और सूर्यकुमार में मुकाबला होगा।*

### पंड्या को आराम

*रोहित शर्मा और शुभमन गिल पारी का आगाज करेंगे जिससे ऋतुराज गायकवाड़ को बाहर रहना होगा। आईपीएल के बाद से नहीं खेले उपकप्तान हार्दिक पंड्या को पांच टी20 मैचों में कप्तानी भी करनी है जिससे उन्हें वनडे श्रृंखला के दौरान कार्यभार प्रबंधन के तहत कुछ मैच से आराम भी दिया जा सकता है।*



### गेंदबाज बरपाएंगे कहर

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज उमरान मलिक के पास यह एक और मौका है। वह सात वनडे में 13 विकेट ले चुके हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली श्रृंखला में कुलदीप यादव को चहल पर तरजीह मिली थी लेकिन इस बार चहल के पास मौका है। तेज आक्रमण की कमान मोहम्मद सिराज संभालेंगे जबकि दूसरे विकल्पों में जयदेव उनादकट, मुकेश कमार और शार्दुल ठाकुर हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं:

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, शार्दुल ठाकुर, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, मुकेश कुमार।

**वेस्टइंडीज :** शाई होप (कप्तान), रोवमैन पॉवेल, एलिक अथानाजे, यानिक कारिया, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायेर, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, काइल मायर्स, गुडाकेश मोती, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिनक्लेयर, ओशाने थॉमस।

# सिंधू को पहले दौर में मिली हार सात्विक-चिराग की आसान जीत



एजेंसी ▶▶| टोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू बुधवार को यहां जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की झेंग यी मान के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ एक बार फिर पहले दौर से बाहर हो गईं।

सिंधू को चीन की खिलाड़ी के खिलाफ सिर्फ 32 मिनट में 12-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस भारतीय खिलाड़ी को इस साल 13 बीडब्लूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में सातवीं बार पहले दौर में शिकस्त झेलनी पड़ी है। चोट के बाद वापसी करते हुए सिंधू उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करने में नाकाम रही हैं और विश्व रैंकिंग में भी 17वें स्थान पर लुढ़क गई हैं। सिंधू लगातार गलतियां कर रही हैं और कम रैंकिंग वाली खिलाड़ियों के खिलाफ भी उन्हें महत्वपूर्ण समय पर अंक हासिल करने के लिए जूझना पड़ रहा है। सिंधू ने हाल में 2003 के ऑल इंग्लैंड चैंपियन मोहम्मद हाफिज हशीम के मार्गदर्शन में खेलना शुरू किया है और उन्हें उम्मीद है कि उनके प्रदर्शन में सुधार होगा।

### तीन सेट में जीती युगल जोड़ी




सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शानदार फॉर्म में है। इस पुरुष युगल जोड़ी ने पहले दौर में लियो रोली कर्नांडो और डेनियल मार्टिन की इंडोनेशिया की जोड़ी को तीन गेम में 21-16, 11-21, 21-13 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। लक्ष्य सेन ने भी इस बीडब्लूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर में हमवतन प्रियांशु राजावत को तीन गेम चले कड़े मुकाबले में 21-15, 12-21, 24-22 से हराया। मिथुन मंजूनाथ को हालांकि पहले दौर में चीन के वेंग होंग येंग के खिलाफ पहला गेम जीतने के बावजदू एक घंटा और 25 मिनट में 21-13, 22-24, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# मध्यप्रदेश के 11 खिलाड़ी करेंगे चीन में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 11 अलग-अलग विधाओं के खिलाड़ी चेगंडू (चीन) में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसमें नौ खिलाड़ी मध्य प्रदेश की विभिन्न अकादमी से हैं। मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी ऑफ़ एक्सीलेंस के समर दीप सिंह, निधि पवैया, शालिनी चौधरी (सभी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय) अर्जुन वास्कले (एसएनसिटी विश्वविद्यालय), एमपी फेंसिंग अकादमी ऑफ़ एक्सीलेंस के शंकर (रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय रायसेन), अंकित शर्मा (लवली प्रोफ़ेशनल विश्वविद्यालय) तथा मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी ऑफ़ एक्सीलेंस के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और आशी चौकसे (दोनों गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर) और चिंकी यादव (बरकतउल्ला विश्वविद्यालय) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मध्यप्रदेश की नंदनी वत्स (रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय) और कुमारी अंतिम यादव (लवली प्रोफ़ेशनल विश्वविद्यालय फगवाड़ा) जूडो में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी बुधवार की रात को चीन के लिए रवाना हो गये हैं।



### लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें: सिंधिया

खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने सभी खिलाड़ियों से टीटी नगर स्टेडियम में मुलाक़ात कर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सिर्फ़ लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करें। खिलाड़ियों को किसी बात की चिंता नहीं करनी है सिर्फ़ पदक हासिल करने पर ध्यान देना है। श्रीमती सिंधिया ने कहा कि हमारे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन और उच्च स्तर के प्रशिक्षण से अब अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाम पर पहुँच कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## कोच की मांग पर खेल मंत्रालय ने दी छूट

# भारतीय फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों में मिली एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई खेलों में भारत की पुरुष और महिला दोनों फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम के हालिया प्रदर्शन को देखते हुए खेल मंत्रालय ने यह फैसला लिया है कि नियमों में छूट देते हुए दोनों टीमों को एशियाई खेलों में भाग लेने की अनुमति दी जाए।

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच स्टिमैक के पत्र लिखने के बाद खेल मंत्रालय ने भारतीय फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों में भाग लेने की अनुमति दी है। अनुराग ठाकुर ने अपने ट्वीट में लिखा, भारतीय फुटबॉल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर! हमारी राष्ट्रीय फुटबॉल टीमें, पुरुष और महिला दोनों, आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए तैयार हैं। भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय ने उन दोनों टीमों की भागीदारी को सुविधाजनक बनाने के लिए नियमों में ढील देने का निर्णय लिया है, जो मौजूदा मानदंड के अनुसार एशियाई खेलों में भाग लेने के योग्य नहीं थीं।



## इंटर स्कूल ओपन स्विमिंग में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# इंटर स्कूल ओपन स्विमिंग में धवित ने जीते दो गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

आईईएस पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित इंटर स्कूल ओपन स्विमिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में भोपाल के प्रतिष्ठित स्कूल जैसे डीपीएस नीलबड़, संस्कार वैली स्कूल, डीपीएस कोलार, सेज इंटरनेशनल स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, आईईएस पब्लिक स्कूल, बाल भवन स्कूल, सेंट जोसेफ गर्ल्स स्कूल, सिल्वर फिन्स स्विमिंग क्लब, सेंट फ्रांसिस स्कूल, कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल एवम अन्य स्कूलों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में करीब 100 से ऊपर प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे 50 मी,100 मी के फ्रीस्टाइल, बटरफ्लाई, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक एवम आईएम इवेंट हुए, जिसमें तीन ऐज ग्रुप के बीच प्रतियोगिता हुई। पुरस्कार समारोह में श्री आलोक खरे, उप निदेशक पब्लिक इंस्ट्रक्शन मुख्य अतिथि थे। इसके साथ भोपाल स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राम कुमार खिलरानी गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। अजय शर्मा निदेशक, आईईएस पब्लिक स्कूल ने सभी अतिथियों का अभिवादन किया एवं पुरस्कार वितरित किए। भोपाल इंटर स्कूल स्विमिंग चैंपियनशिप ट्रॉफी दिल्ली पब्लिक स्कूल(डीपीएस, नीलबड़) को प्रतियोगिता में सर्वाधिक मेडल्स जीतने पर मिला। वाणी जैन, अर्थ जैन, धवित पाठक चमके डीपीएस, नीलबड़ के कक्षा 2 के धवित पाठक को 2 गोल्ड, 1 सिल्वर मेडल मिले। वहीं डीपीएस, नीलबड़ के देवल शर्मा, आद्या जैन, सुमित, विनायक, अर्जुन, संस्कार वैली स्कूल से अधिराज सिंह का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा। कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल की वाणी जैन एवं सिल्वर फिंस स्विमिंग क्लब के अर्थ जैन को चैंपियनशिप मेडल मिले। डीपीएस, नीलबड़ की नीलम शर्मा रही बेस्ट कोचइसके साथ ही डीपीएस, नीलबड़ की स्विमिंग कोच श्रीमती नीलम शर्मा को बेस्ट कोच के सम्मान से नवाजा गया।






## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुए चयनित

# एलएनसीटी विश्वविद्यालय के अर्जुन दोड़ेंगे चीन में

**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग (बीपीईएस) के प्रथम वर्ष के छात्र अर्जुन बास्कले चेंगदू ,चीन में 28 जुलाई से 8 अगस्त 2023 तक आयोजित होने वाले समर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स मे एथलेटिक्स 1500 मीटर में एलएनसीटी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा अर्जुन को ये अवसर उसके शानदार प्रदर्शन के आधार पर दिया गया है।

प्रतियोगिता हेतु रवाना होने से पूर्व अर्जुन ने एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जय नारायण चौकसे से आशीर्वाद प्राप्त किया। अर्जुन की इस उपलब्धि पर डॉ. अनुपम चौकसे प्रो चांसलर एलएनसीटी युनिवर्सिटी, डॉ. धर्मेंद्र गुप्ता एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी युनिवर्सिटी, प्रोफेसर डॉ. एन.के. थापक वाइस चांसलर, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, डॉ. अशोक राय डीन एडमिनिस्ट्रेशन एलएनसीटी, पंकज जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी युनिवर्सिटी, आकाश दुबे आईटी हेड, डॉ. रमेश शुक्ला असिस्टेंट रजिस्ट्रार डॉ. बी.एस. पवार प्राचार्य डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, महेश सोधिया ने शुभकामनाएं दी।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स का पीएम ने किया उद्घाटन

# श्रमजीवियों को किया सम्मानित, श्रमिकों में छलकी खुशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित इंटरनेशनल ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ ) कॉम्प्लेक्स में पीएम नरेंद्र मोदी ने हवन पूजन कर उद्घाटन किया। पीएम ने आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से मुलाकात कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्रमजीवी पीएम मोदी से मिलकर काफी खुश नजर आए। एक श्रमजीवी ने बताया कि हमने पीएम मोदी को दूर से देखा था, लेकिन, आज पीएम मोदी हमसे मिले और हमें ये सम्मान दिया। हमने बहुत मेहनत की और आज हमारी सारी मेहनत सफल हो गई।





सम्मानित होने पर बोले श्रमिक

### पीएम मोदी को पहली बार इतने करीब से देखा

सम्मान पाकर श्रमजीवी भी खुश दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि पहले हमने पीएम मोदी को दूर से देखा था, लेकिन आज उनसे साक्षात मुलाकात हुई है। पीएम मोदी ने हमें शॉल दिया। श्रमजीवी ने कहा कि हमने हर मौसम, तापमान और यहां तक कि कोविड के दौरान भी आईटीपीओ परिसर बनाने में बहुत मेहनत की है। वहीं, एक अन्य श्रमजीवी ने बताया कि हमें बहुत खुशी है कि पीएम मोदी हमसे मिले और हमें सम्मानित किया। हमने बहुत मेहनत की और आज हमारी सारी मेहनत रंग लाई है।

### सितंबर में जी 20 नेताओं की बैठक होगी

आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स में सितंबर में जी 20 नेताओं की बैठक की मेजबानी होनी है। ये कॉम्प्लेक्स लगभग 123 एकड़ में फैला हुआ है। इस परिसर में 7000 लोगों के बैठने की जगह है, जो इसे ऑस्ट्रेलिया के सिडनी ओपेरा हाउस से भी बड़ा बनाता है। इसमें आईईसीसी में 3000 लोगों के बैठने की जगह है, जो 3 पीवीआर थिएटर्स के बराबर है। इस एम्फीथिएटर में प्रदर्शनी, सांस्कृतिक शो और मनोरंजन कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। राष्ट्रीय राजधानी को भी इस मेगा इवेंट के समापन के आयोजन के लिए नया रूप दिया गया है। जी20 में 19 देश(ब्राजील, कनाडा, चीन, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, भारत, फ्रांस, जर्मनी, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिकों, रूस, सऊदी अरब जैसे देश शामिल हैं।

### आईटीपीओ के प्रस्ताव पर किया गया निर्माण

आईईसीसी परिसर को भारत के सबसे बड़े एमआईसीई (बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनी) गंतव्य के रूप में विकसित किया गया है। सरकार ने जनवरी, 2017 में प्रगति मैदान के पुनर्विकास के लिए भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए राष्ट्रीय राजधानी में विश्वस्तरीय आईईसीसी स्थापित करने पर सहमति जताई थी। पीएमओ ने कहा कि देश में बैठकों, सम्मेलनों और प्रदर्शनियों की मेजबानी के लिए एक विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने संबंधी प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण ने प्रगति मैदान में आईईसीसी की अवधारणा को मूर्तरूप दिया है।

### 'जीरो टू इसरो ' अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धि

*कन्वेंशन सेंटर भवन का वास्तुशिल्प डिजाइन भारतीय परंपराओं से प्रेरित है। इमारत का आकार शंख के जैसा है। 'जीरो टू इसरो ' यह अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धि को दर्शाता है। वहीं, पंचमहाभूत आकाश, वायु, अग्नि, जल व पृथ्वी तत्व के सार्वभौमिक आधार को भी रेखांकित किया गया है।*

## खबर संक्षेप

### फट गई इंडियन ऑयल की गैस पाइपलाइन

**बागपत।** बागपत जिले के जागोश गांव में यमुना नदी के बीचो-बीच अचानक से तेज आवाज के साथ गैस पाइपलाइन फट गई। इस दौरान यमुना नदी की लहरें आसमान की तरफ 10फीट ऊपर तक उठती हुई दिखाई दी।लहरों को इतनी ऊंचा उठते देखकर लोग चौंक गए। खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।



### टाइलर को कोर्ट ने 5 अगस्त को तलब किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने सिख विरोधी दंगों के दौरान हुए पुल बंगश हत्याकांड मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को 5 अगस्त को तलब किया है। 1984 में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की हत्या के एक दिन बाद यहां पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी और एक गुरुद्वारे को आग लगा दी गई थी।



### पति ने की पत्नी समेत सास-ससुर की हत्या

**गोलाघाट।** असम के गोलाघाट जिले में एक ट्रिपल मर्डर का खुलासा हुआ है। 25 साल के नाजीबुर रहमान बोरा ने पत्नी और उसके माता-पिता की हत्या कर दी। उसने 9 महीने के बच्चे को गोद में लेकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों की दोस्ती कोरोना लॉकडाउन के दौरान एक सोशल मीडिया के जरिए हुई थी।



### तारों से टकराई बस 8 तीर्थयात्री झुलसे

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में बुधवार को तीर्थयात्रियों को बैजनाथ धाम ले जा रही एक बस ऊपर लटक रहे ढीले बिजली के तारों के संपर्क में आ गई। इससे ड्राइवर समेत 8 यात्री गंभीर रूप से झुलस गए। घटना ड्रमंडगंज पुलिस सर्किल के रेतेह चौराहे के पास की है। चीख सुन लोग मौके पर पहुंचे।



भाजपा की जांच समिति ने अध्यक्ष नड्डा को सौंपी बंगाल में चुनावी उत्पात की रिपोर्ट

# राज्य में लोकतंत्र खत्म, जांच एजेंसियां करें हिंसा और बम विस्फोटों की जांच

◆ बंगाल में पंचायत चुनाव में उत्पात का मामला

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि देश के लिए यह जानना जरूरी है कि बंगाल में लोकतंत्र खत्म हो गया है, ऐसा प्रतीत होता है कि पूरी मशीनरी का इस्तेमाल राज्य की सत्तारूढ़ टीएमसी की जीत सुनिश्चित करने और उसके प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करने के लिए किया गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के दौरान हिंसा की घटनाओं की जांच करने वाली भाजपा की समिति ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इसमें आरोप लगाया गया है कि चुनावों के दौरान शर्मनाक लोकतंत्र का घृणित प्रतीक देखा गया है। जांच समिति के संयोजक और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि देश के लिए यह जानना जरूरी है कि बंगाल में लोकतंत्र खत्म हो गया है। नड्डा ने कहा कि राज्य सरकार का अहंकार और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति घोर अनादर निराशाजनक है। भाजपा पश्चिम बंगाल में लोगों की आवाज के लिए लोकतांत्रिक तरीके से लड़ना जारी रखेगी। समिति ने मांग की है कि हिंसा के सभी मामलों की जांच सीबीआई द्वारा की जाए क्योंकि राज्य पुलिस और प्रशासन इसमें शामिल और पक्षपाती हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बम विस्फोट से जुड़े मामलों की जांच करनी चाहिए क्योंकि यह एक अनुसूचित अपराध है।




### सीएम ममता ने सारी मशीनरी का दुरुपयोग किया

उन्होंने कहा, सीएम ममता यह क्या हो रहा है? यह निंदनीय है। उन्होंने हिंसा और राजनीतिक लक्ष्यों की संपत्तियों की तोड़फोड़ की तस्वीरें दिखाते हुए कहा, जिनमें से अधिकांश वंचित और पिछड़े समुदायों से थे। ऐसा प्रतीत होता है कि पूरी मशीनरी का इस्तेमाल राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की जीत सुनिश्चित करने और उसके प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करने के लिए किया गया था।

### महिलाओं पर अत्याचार व निर्वस्त्र घुमाने का भी मामला

सुवेंदु ने कहा कि दूसरा स्थगन प्रस्ताव राज्य के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, खासतौर पर मालदा में दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने के मामले और आठ जुलाई को पंचायत चुनाव के दौरान हावड़ा के पंचाल में भाजपा के एक ग्राम सभा उम्मीदवार को परेड कराने को लेकर होगा। विधायक शंकर घोष ने बताया, विधायक विष्णुपद रॉय के निधन की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। उन्होंने कहा कि दो स्थगन प्रस्तावों के संबंध में नोटिस नहीं दिया जा सका और हम दोनों नोटिस इस सप्ताह देंगे।

### अत्यधिक भय, हत्या और हिंसा से राज्य सरकार ने चुनाव प्रभावित किया

रविशंकर प्रसाद ने दावा किया कि एक अत्यधिक भय इन चुनावों की पहचान बन गया और उन्होंने हत्याओं सहित हिंसा की कई घटनाओं और राजनीतिक कारणों से लक्षित परिवारों की पीड़ा का हवाला दिया। प्रसाद ने कहा कि राज्य पुलिस, नागरिक अधिकारियों और एक सहयोगी राज्य चुनाव समिति ने इसे सुविधाजनक बनाया। यदि चुनाव निष्पक्षता से हुए होते तो उन्हें यह कहने में कोई झिझक नहीं है कि भगवा पार्टी ने पंचायत चुनावों में जीत हासिल की होती। भाजपा ने फिर भी 11,000 ग्राम पंचायत सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस और वाम दल जैसी अन्य सभी विपक्षी पार्टियां 4,000 सीटों तक ही सीमित रहीं।

### भाजपा विधानसभा में पेश करेगी स्थगन प्रस्ताव


भाजपा ने मंगलवार को कहा कि वह पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान हुई कथित हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार पर तत्काल चर्चा के लिए राज्य विधानसभा में इस सप्ताह दो स्थगन प्रस्ताव पेश करेगी। नेता प्रतिपक्ष और सुवेंदु अधिकारी ने विधानसभा सभागार के बाहर संवाददाताओं से कहा कि पार्टी उम्मीद करती है कि विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय दोनों प्रस्तावों को मंजूरी देंगे, ताकि इस महीने की शुरुआत में पंचायत चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ टीएमसी द्वारा की गई कथित हिंसा और धांधली को बहस के जरिए सामने लाया जा सके। उन्होंने कहा कि बहस से यह भी रेखांकित होगा कि कैसे प्रशासन ने एक पक्ष में काम किया और आधिकारिक रूप से उन्हें विधानसभा की नजर में लाया जा सकेगा।



भारत के फैसले से यूएस में मची खलबली

# एक परिवार को मिलेगा मात्र एक चावल का बैग





भारत द्वारा गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध की घोषणा के बाद बढ़ी मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत द्वारा गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध की घोषणा के जवाब में संयुक्त राज्य अमेरिका भर के डिपार्टमेंटल स्टोरों में चावल की घबराहट भरी खरीदारी में वृद्धि देखी गई है। बढ़ती मांग के कारण कई दुकानों ने ग्राहकों द्वारा खरीदे जाने वाले चावल के थैलों की संख्या पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्थिति को प्रबंधित करने और उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए कई दुकानों ने ग्राहकों को प्रति परिवार केवल एक चावल बैग खरीदने तक सीमित करने वाले नोटिस लगाए हैं।

### निर्यात प्रतिबंध के फैसले से भारतीय प्रवासी प्रभावित

गैर-बासमती चावल पर भारत के निर्यात प्रतिबंध का प्रभाव विश्व स्तर पर, विशेषकर भारतीय प्रवासियों के बीच देखने को मिला है। अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) ने प्रतिबंध के जवाब में कथित तौर पर सोना मसूरी चावल के 10-15 बैग खरीदे हैं। चावल पर निर्यात प्रतिबंध के प्रभाव के बारे में बताने के लिए कई एनआरआई ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) का सहारा लिया और किराने की दुकानों पर अत्याधिक खरीदारी और भीड़ के दृश्य दिखाने वाले वीडियो शेयर किए।

### केवल गैर-बासमती चावल के निर्यात पर लगा बैन

भारत द्वारा लागू निर्यात प्रतिबंध केवल गैर-बासमती चावल से संबंधित है, बासमती चावल को अभी भी देश के बाहर व्यापार करने की अनुमति है। अधिकांश दक्षिण भारतीयों को सोना मसूरी चावल पसंद है, जो गैर-बासमती श्रेणी में आता है। सरकार ने आगामी त्योहारों के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए पिछले हफ्ते गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। देश से निर्यात होने वाले कुल चावल में गैर-बासमती सफेद चावल की हिस्सेदारी लगभग 25 प्रतिशत है।

संसद में विपक्षी गठबंधन के रोजाना बदल रहे पैंतरे

# कांग्रेस ने राज्यसभा सांसदों के लिए जारी किया व्हिप, आप ने भी लगाई 'पाबंदी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने राज्यसभा सांसदों को 27 जुलाई को संसद में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। मनीष तिवारी ने कहा कि यह कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव इंडिया के घटक दलों द्वारा सामूहिक तौर पर लाया गया है। मणिपुर में सरकार नाम की चीज नहीं रह गई है। हमारे घटक दलों की सामूहिक मांग है कि सभी काम को एक तरफ रखते हुए गुरुवार को प्राथमिकता रखते हुए पर इस चर्चा होनी चाहिए। आप ने व्हिप जारी किया है।

*शाह के पत्र का खरगे ने दिया जवाब*

### पीएम को बयान देने को कहते हैं तो ठेस पहुंचती है



मणिपुर को लेकर संसद में चल रहे गतिरोध के बीच गृह मंत्री अमित शाह के लेटर का कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को जवाब दिया। खरगे ने कहा कि पीएम से हम सदन में बयान देने को बोलते हैं तो उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचती है। वे हमारे गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) की तुलना आतंकवादी संगठन से करते हैं।

### मेरा माइक बंदकर अपमान किया, हाटी बिल पास

बुधवार को भी राज्यसभा में विक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि उनका अपमान किया गया। मंगलवार को संसद में मेरा माइक बंद कर दिया गया था। उधर, बुधवार को समुदाय को जनजाति का दर्जा देने का हाटी बिल राज्यसभा से भी पास हो गया। अब राष्ट्रपति की मंजूरी को भेजा जाएगा।



### राजस्थान-बंगाल पर चर्चा क्यों नहीं करते ?

विपक्ष के तीखे तेवर के बाद अब भाजपा भी आक्रामक है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राज्यसभा में काफी गुस्से में नजर आईं। उन्होंने कहा, मणिपुर पर चर्चा की मांग करने वाले पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान पर चर्चा क्यों नहीं चाहते?



### 'अपमान' पर चिदंबरम माफी मांगें

राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम पर सभापति जगदीप धनखड़ का अपमान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने चिदंबरम से सदन में माफी मांगने की मांग की है। चिदंबरम ने धनकड़ पर आरोप लगाया था।



बारिश से कई राज्यों में हालात बिगड़े

# हिमाचल में 2 बार फटा बादल, चार मकान बहे

एजेंसी ▶▶ शिमला

ऑरेंज अलर्ट के बीच हिमाचल प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। शिमला जिले के रामपुर उपमंडल की सरपारा पंचायत के कांधार गांव में मंगलवार रात करीब 12:08 मिनट पर अचानक बादल फटने से आई बाढ़ में प्राथमिक स्कूल, दो खेल मैदान, युवक मंडल भवन समेत चार मकान बह गए, जबकि 10 मकानों को आंशिक नुकसान हुआ है। सेब के बगीचों को भी नुकसान पहुंचा है। कई मकानों में पानी घुस गया है। 6 गाएं और 15 भेड़-बकरियां बह गईं। क्षेत्र की मुख्य सड़क भी जगह-जगह बाधित हो गई है। लोगों ने भागकर जान बचाई।

### बेघर हुए हजारों लोग, खाली कराए जा रहे निचले इलाके



हिंडन नदी में बाढ़ से जल स्तर कम नहीं हो रहा है। पानी मकानों में घुस रहा है। अब तक 10 हजार से अधिक मकानों को खाली कराया जा चुका है। सुथ्याना के डूब क्षेत्र में बने एक अवैध पार्किंग स्थल में खड़ी गाड़ियां भी डूब गई है। छिजारसी से लेकर मोमनाथल गांव तक डूब एरिया जलमग्न है।

भगवान शिव पर की थी अपमानजनक टिप्पणी

# फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन के नाम पर 'लक्ष्मण रेखा' को नहीं भूलें

एजेंसी ▶▶ शिमला

भगवान शिव और नंदी को लेकर सोशल मीडिया पर अपमानजनक कमेंट करने के आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दी कि फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन के नाम पर 'लक्ष्मण रेखा पार नहीं करनी चाहिए'। कोर्ट ने कहा कि आरोपी एक पढ़े लिखे शख्स हैं और उन्हें दूसरे धर्म के लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखना चाहिए। नदीम अख्तरडॉक्टर हैं। उनकी जमानत याचिका पर जस्टिस वीरेंद्र सिंह सुनवाई कर रहे थे। हर किसी को दूसरे धर्म की भावनाओं का ख्याल रखना चाहिए।



### समाज में जाएगा गलत संदेश

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर कोर्ट उन्हें जमानत की इजाजत दे देता है तो इससे समाज में गलत संदेश जाएगा और दूसरे लोगों को भी इस तरह की टिप्पणी करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे दूसरे धर्मों के लोगों में नाराजगी बढ़ेगी और गुस्सा पैदा होगा,जो देश की धर्मनिरपेक्ष छवि को खराब करेगा।

ओडिशा में राष्ट्रपति मुर्मू की सादगी के कायल हो गए लोग

# प्रोटोकॉल तोड़कर लोगों से मिलीं, बच्चों को दीं चॉकलेट

एजेंसी ▶▶ कटक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 25 जुलाई से ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इसी क्रम में बुधवार को वे कटक पहुंची। चंडीचौक पर राष्ट्रपति की एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी थीं। ऐसे में लोगों के बीच में से होकर राष्ट्रपति का काफिला भी धीरे-धीरे गुजर रहा था। इस बीच राष्ट्रपति वाहन से उतरीं और उनके स्वागत में खड़ी चांदनी चौक इलाके की पायल परीड़ा को चॉकलेट दी। इसके बाद पायल ने राष्ट्रपति को योग करके दिखाया। राष्ट्रपति से चॉकलेट मिलने और राष्ट्रपति से करीब से मिलने पर पायल ने खुशी जाहिर की है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 जुलाई से ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। बुधवार को वे कटक पहुंची। यहां सबसे पहले कटक चंडी मंदिर पहुंचकर उन्होंने देवी मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए मंदिर के सामने भीड़ में लोगों से मिलीं और बच्चों को चॉकलेट भी दी। राष्ट्रपति से करीब से मिलकर सभी बेहद खुश हुए।

देवी मां का लिया आशीर्वाद






लोगों ने किया स्वागत

बताया जा रहा है कि कटक पहुंचने के बाद राष्ट्रपति ने सबसे पहले चंडी मंदिर पहुंचकर मां चंडी के दर्शन किए और वहां पूजा-अर्चना की। मंदिर के पास राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ लगी थी। राष्ट्रपति के मंदिर पहुंचते ही एक साथ लोगों ने हुलहुली कर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल भी थे।

### हाईकोर्ट के 75वें स्थापना दिवस समारोह में पहुंचीं

*मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पंडा ने राष्ट्रपति एवं राज्यपाल को मंदिर की रीति-रिवाजों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर लोगों से बातचीत की। शैलवाला महिला महाविद्यालय में मधुबाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने नेताजी संग्रहालय में नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में उड़ीसा उच्च न्यायालय के 75वें स्थापना दिवस समारोह में वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।*

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com